# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 218 | गौतमबुद्धनगर, शनिवार 06 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3** यमुना एक्सप्रेस-वे के पास बनेंगी दो फ्लैटेड



**P- 4** आगरा के एयरफोर्स स्टेशन में अग्निवीर का सुसाइड



**P- 5** देश पहले, पार्टी बाद में...10 डाउनिंग स्ट्रीट से कीर स्टार्मर ने अपने पहले



**P- 6** वानखेड़े में रोहित शर्मा और विराट कोहली के डांस ने बनाया माहौल



## हैप्पी मॉर्निंग

डॉक्टर- मोटापे का एक ही इलाज है।
पप्पू- क्या डॉक्टर?
डॉक्टर- तुम रोज एक रोटी खाओ।
पप्पू- ये एक रोटी खाने के बाद खानी है या खाने से पहले?
डॉक्टर साहब बेहोश



## शायरी

मर रहा सीमा पर जवान और
खेतों में किसान,
कैसे कह दूँ इस दुखी मन से कि
मेरा भारत महान!

## अर्थसार

सेंसेक्स:
79,996.60
-53.07 (0.066%)
निफ्टी:
24,323.85
+21.70



## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से
सूर्योदय रविवार : 5 : 31
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 24

# राहुल गांधी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट्स से मिले

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने शुक्रवार (5 जुलाई) की दोपहर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर इंडियन रेलवे के लोको पायलट्स से मुलाकात की। राहुल ने लोको पायलट्स से उनके काम, उनकी परेशानियों के बारे में जाना।

लोको पायलट्स ने ड्यूटी में कम आराम दिए जाने की शिकायत की और ज्यादा आराम दिए जाने की बात कही। इस पर राहुल ने लोको पायलट की मांग का समर्थन किया है। साथ ही उनको आश्वासन दिया कि वे लगातार रेलवे के निजीकरण और रेलवे में भर्ती की कमी का मुद्दा उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। कांग्रेस ने एक्स पर राहुल के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जाने की 4 तस्वीरें भी शेयर कीं। इसमें बताया कि राहुल ने पूरे भारत से आए करीब 50 लोको पायलटों से मुलाकात की। कांग्रेस ने कहा कि सूत्रों के मुताबिक लोको पायलट लंबी दूरी की ट्रेनें चलाते हैं। उन्हें घर से दूर रहना पड़ता है। अक्सर उन्हें पर्याप्त ब्रेक के बिना ड्यूटी पर लगाया जाता है। इससे लोको पायलट्स को बहुत तनाव होता है और एकाग्रता में कमी आती है जो दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है।

विशाखापट्टनम दुर्घटना की जांच रिपोर्ट में भी इंडियन रेलवे ने इस बात को स्वीकार किया है।

# छत्तीसगढ़ : कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से 9 की मौत

## 9-9 लाख मुआवजे का ऐलान

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा और कोरबा में दो अलग-अलग घटनाओं में शुक्रवार को कुएं में डूबने से 9 लोगों की मौत हो गई। दोनों ही हादसे कुएं में गिरे ग्रामीणों को बचाने की चक्कर में हुए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ही मामलों में मौत का कारण जहरीली गैस का रिसाव है।

जांजगीर-चांपा में हुए हादसे में पिता-दो पुत्रों सहित 5 की मौत हुई है। जबकि कोरबा में पिता-पुत्री और दो अन्य लोगों की जान गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर पहुंच गई। उनकी मदद से सभी शवों को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

सीएम विष्णुदेव साय ने दोनों हादसों को लेकर दुख और संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को 9-9 लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।



### कोरबा : पिता गिरा तो बेटी बचाने गई, फिर एक-एक कर 4 फंसे

कोरबा में कटघोटा के ग्राम जुराली के डिपरा पारा निवासी शिवचरण पटेल दोपहर में कुएं में गिर पड़ा।

इसका पता उसकी बेटी सपीना को चला तो वह पिता को बचाने के लिए कुएं में कूद गई। हालांकि वह भी अंदर ही फंस गई और दम तोड़ दिया। कुएं में दो शवों को देख स्थानीय मनबोध और जहरू भी नीचे उतरे, लेकिन उनकी भी मौत हो गई।

बताया जा रहा कि शिवचरण पटेल कुएं की सफाई कर रहा था। इस दौरान वह नीचे गिर गया।

### जांजगीर-चांपा : लकड़ी के उतरा था बुजुर्ग, बचाने में 5 की गई जान

इससे पहले जांजगीर-चांपा में भी कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से 5 लोगों की मौत हो गई है। हादसा सुबह करीब 7.30 बजे एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में हुआ है। बिर्रा एसडीओपी यदुमणि सिदार ने बताया कि किकिरदा गांव निवासी रामचंद्र जायसवाल (60 वर्ष) कुएं में लकड़ी अंदर गिरने पर उसे निकालने घुसा था। इस दौरान गैस का रिसाव होने लगा और वह बहोश हो गया। इसके बाद पत्नी के शोर मचाने पर उसके दो बेटे और अन्य लोग भी कुएं में उतरे, लेकिन कोई जिंदा नहीं लौटा। मरने वाले एक युवक की पत्नी का आज बर्थडे है।

# हाथरस भगदड़ का मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर अरेस्ट

**दिल्ली के अस्पताल में किया सरेंडर; एसआईटी प्रमुख बोले- हालात समझने में फेल हुए अफसर**



हाथरस। हाथरस भगदड़ कांड का मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर शुक्रवार रात गिरफ्तार हो गया है। मधुकर ने दिल्ली के नजफगढ़-उत्तम नगर के बीच एक अस्पताल में पुलिस के सामने सरेंडर किया। यूपी पुलिस ने उस पर एक लाख इनाम घोषित किया था।

इसकी पुष्टि सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने की है। उन्होंने कहा- देवप्रकाश मधुकर हार्ट मरीज हैं। उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर उन्होंने शुक्रवार को सरेंडर कर दिया।

देव प्रकाश भोले बाबा का खास सेवादार है। वही सिकंदराराऊ के फुलरई गांव में सत्संग का मुख्य आयोजक था। पुलिस ने 4 जुलाई को 6 सेवादारों को गिरफ्तार किया था। इनमें 2 महिलाएं हैं। देवप्रकाश की गिरफ्तारी के बाद यह संख्या 7 हो गई है।

### डीएम-एसपी से भी लिए बयान

रिपोर्ट में हाथरस के जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार, एसपी निपुण अग्रवाल और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बयान शामिल हैं, जिन्होंने भगदड़ के पैदा हुई आपातकालीन स्थिति को संभाला था। इस मामले में 2 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (हत्या के बराबर न होने वाली गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) और 238 (साक्ष्य मिटाना) के तहत स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई थी। राज्य सरकार ने बुधवार को हाथरस कांड की जांच और भगदड़ के पीछे साजिश की संभावना जताई थी।

### हाथरस के हालात समझने में फेल हुए अफसर : एसआईटी प्रमुख

हाथरस हादसे की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया। एसआईटी ने कहा कि भगदड़ लापरवाही और बदइंतजामी की वजह से हुई। अफसर हालात परखने में फेल हुए। जिले के प्रमुख अफसरों समेत 90 लोगों के बयान लिए गए हैं। अभी तक जो सबूत मिले हैं, उनमें आयोजक दोषी साबित होते हैं।

आगरा जोन की अतिरिक्ति पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ एसआईटी प्रमुख हैं। हाथरस भगदड़ कांड की जांच तीन सदस्यीय एसआईटी कर रही है। विस्तृत जांच अभी जारी है, जिसकी रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी।

### साजिश से इंकार नहीं

एसआईटी प्रमुख अनुपम कुलश्रेष्ठ ने न्यूज एजेंसी से कहा कि सत्संग में अनुमान से ज्यादा भीड़ आई। बड़ी तादाद में श्रद्धालु नए थे। बाबा को देखने के लिए आगे बढ़े, इसी दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। भगदड़ लापरवाही और बदइंतजामी की वजह से हुई। कार्यक्रम की परमिशन लेते वक्त आयोजन समिति ने अपने स्तर पर आश्वासन दिया था कि सुरक्षा व्यवस्था सही तरीके से होगी।

कुलश्रेष्ठ ने कहा कि साजिश के पहलू से इनकार नहीं किया जा सकता है। दोषी लोगों पर निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उच्चतम न्यायालय में एनटीए का दावा, नहीं हुआ नीट यूजी पेपर लीक

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष दावा किया है कि स्नातक स्तर की मेडिकल समेत कुछ अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हुई और इसके नतीजे छिटपुट अनुचित तरीकों की घटनाओं के कारण रद्द नहीं किए जा सकते।

एनटीए ने शीर्ष अदालत के समक्ष दाखिल अपने एक हलफनामा में ये दावा किया है। हलफनामे के जरिए एजेंसी ने नीट-यूजी 2024 और इसके घोषित किए गए परिणामों को रद्द कर दोबारा उस परीक्षा को आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपना पक्ष शीर्ष अदालत के समक्ष रखा है।

एजेंसी ने हलफनामे में कहा है कि कथित कदाचार की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच चल रही है। सभी प्रासंगिक कारकों पर व्यापक विचार करने के बाद ही कोई निर्णायक राय बनाई जा सकती है कि परीक्षा में कोई व्यवस्थित विफलता थी या नहीं।

**हाथरस भगदड़**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस के ग्रीन पार्क में भगदड़ की घटना के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

## इंफाल में निर्माणाधीन धार्मिक स्थल पर गोलीबारी

इम्फाल। मणिपुर के इंफाल में गुरुवार-शुक्रवार की रात उपद्रवियों ने एक निर्माणाधीन धार्मिक स्थल को निशाना बनाया। पैलेस कंपाउंड में देर रात करीब 12.30 बजे हमलावरों ने धार्मिक स्थल फायरिंग की। अभी घटना में शामिल लोगों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि जिस धार्मिक स्थल पर गोलीबारी हुई, केंद्रीय बलों की एक टीम उसकी सुरक्षा में तैनात थी। राहत की बात रही कि हमले में किसी जवान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# महाराष्ट्र : 5 महीने में 1 हजार से ज्यादा किसानों ने की आत्महत्या

**1 जनवरी से 31 मई के बीच महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में किसान आत्महत्याओं में बढ़ोतरी देखी गई है**



महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्याओं को लेकर चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं। मुंबई के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता जीतेंद्र घाडगे ने सूचना के अधिकार के जरिए यह जानकारी हासिल की। इसके मुताबिक, 1 जनवरी से 31 मई के बीच महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में किसान आत्महत्याओं में बढ़ोतरी देखी गई है। इस दौरान कुल 1,046 किसानों ने सुसाइड किया, जिसका मासिक औसत 209 है। ताजा डेटा अमरावती इलाके को लेकर और ज्यादा चिंताजनक हालात पेश करता है, जो शीर्ष चार सबसे अधिक प्रभावित जिलों है।

जीतेंद्र घाडगे की ओर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अकेले अमरावती जिले में कुल 143 किसानों ने आत्महत्या की। इसका पड़ोसी जिला यवतमाल लिस्ट में दूसरे नंबर पर है जहां 132 ऐसे मामले दर्ज हुए। बुलढाणा जिले में 83 मामले दर्ज किए गए। अकोला जिला महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में आता है, जहां 82 अन्न दाताओं ने जिंदगी से हार मान ली। इस तरह अगर अमरावती डिवीजन को देखा जाए तो यहां राज्य के कुल मामलों में से लगभग आधे (461) दर्ज किए गए।

### मराठवाड़ा में 6 महीनों में 430 किसानों ने की आत्महत्या

मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले 6 महीनों में विभिन्न कारणों से त्रस्त 430 किसानों ने आत्महत्या की है। प्रमंडलीय आयुक्त सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि किसानों ने कर्ज, दरिद्रता और अवसाद में आकर यह कदम उठाया था। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन 3 किसान आत्महत्या करते हैं।

राज्य कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के गृह जिले बीड़ में सबसे अधिक आत्महत्याओं के मामले सामने आए हैं। जहां पिछले 6 महीनों में 101 किसानों के आत्महत्या की है। इसके बाद उस्मानाबाद जिले में 76, नांदेड़ जिले में 68, छत्रपति संभाजीनगर जिले में 64, जालना जिले में 40, लातूर जिले में 33, परभणी जिले में 31 और हिंगोली जिले में 17 आत्महत्या के मामले सामने आए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या के 430 मामलों में से 256 मामले सहायता राशि पाने के योग्य पाए गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि कुल 169 मृतकों के परिजनों को नियमानुसार और संबंधित जिला प्रशासन की ओर से सहायता राशि दी गई है। इस बीच, संबंधित जिला प्रशासन की ओर से की गई आधिकारिक जांच के बाद 20 मामलों में दावे अयोग्य पाए गए और बाकी 151 मामले अभी भी जांच के लिए लंबित हैं।

# असम में बाढ़ में अब तक 56 लोगो की मौत

**एमपी-राजस्थान सहित 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट; कश्मीर में हीटवेव, 17 जुलाई तक स्कूल बंद**

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भारी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति बन गई है। असम में बाढ़ के चलते गुरुवार को 8 लोगों की मौत हुई, जिससे अब तक मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 56 हो गया है। 29 जिलों के 21.13 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में आई बाढ़ में अब तक कुल 31 जानवरों की डूबने से मौत हो चुकी है, जबकि 82 जानवरों को बाढ़ से बचाया गया है।



उत्तराखंड में गंगोत्री-गोमुख ट्रैक पर चिरबासा धारा में आई बाढ़ के चलते उस पर बना लकड़ी का पुल टूट गया। इस धारा में दिल्ली के दो कांवड़िए बह गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना गंगोत्री से लगभग नौ किलोमीटर दूर हुई। ग्लेशियर के पिघलने के कारण धारा का जलस्तर अचानक बढ़ गया था।

### कश्मीर में हीटवेव, स्कूलों में 13 दिन की छुट्टी

एक तरफ जहां बाकी देश मानसूनी बारिश से सराबोर हो रहा है, वहीं गर्मियों में भी ठंडी रहने वाली कश्मीर घाटी इन दिनों तप रही है। श्रीनगर हो या गुलमर्ग, सोनमर्ग हो या फिर अमरनाथ यात्रा रूट, पहली बार पूरी घाटी लू की चपेट में है।

पारा लगातार 32 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। श्रीनगर पहली बार बीते 7 दिन से 35 डिग्री से ज्यादा तापमान झेल रहा है। गुरुवार को यह 35.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से करीब 7 डिग्री ज्यादा है।

# लुधियाना में निहंगों ने शिवसेना नेता को तलवार से काटा

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में शुक्रवार दोपहर को शिवसेना टकसाली नेता एवं सुखदेव थापर के वंशज संदीप थापर पर सिविल अस्पताल के बाहर 3 निहंगों ने हमला कर दिया।

निहंगों ने दिनदहाड़े बीच सड़क उनकी स्कूटी घेरकर उन पर तलवारों से वार किए। पुलिस ने फतेहगढ़ साहिब से निहंगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। सीपी कुलदीप चहल ने बताया कि एसएसपी फतेहगढ़ साहिब रवजोत ग्रेवाल की टीम ने इन्हें यूनिवर्सिटी के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी बाबा बुड्ढा दल से हैं। आरोपियों का सारा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और शिवसेना नेता की स्कूटी भी बरामद कर ली गई है

सीपी ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी अभी फरार है और उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हमले के वक्त गनमैन संदीप के साथ मौजूद था। उसके पास रिवॉल्वर थी, लेकिन निहंगों ने उसे छीन लिया। इसके बाद गनमैन बचाव करने की जगह किनारे हो गया। हमला करने के बाद निहंग संदीप की ही स्कूटी लेकर फरार हो गए।

इसके बाद संदीप को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सीएमसी में भर्ती कराया गया।

**लगातार ढह रहे पुल** | **मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन कंपनी ब्लैक लिस्टेड, अब पुल निर्माण निगम बनाएगा ब्रिज**

# पुल गिरने के मामले में 15 इंजीनियर सस्पेंड : 2 को नोटिस

पटना। बिहार में बारिश के बीच लगातार ढह रहे पुल पर सरकार ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही के चलते 15 इंजीनियर्स को सस्पेंड कर दिया गया है। जिसमें जल संसाधन विभाग के 11 और ग्रामीण कार्य विभाग के 4 इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही दो से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

ग्रामीण विकास विभाग के आयुक्त चैतन्य प्रसाद ने बताया कि 9 पुल-पुलिया ध्वस्त हुए हैं। 6 पुराने और 3 निर्माणाधीन थे। जल संसाधन विभाग की ओर से साल 2023 में समाधान यात्रा के दौरान नदी उड़ाही की मांग की गई थी। मार्च 2025 तक




गंडक नदी उड़ाही (गाद साफ करना) पूरा करना था। उड़ाही के दौरान पुल के नजदीक मिट्टी हटा दी गई। 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट मांगी गई थी। उड़ान दस्ते ने रिपोर्ट सौंप दी है। इंजीनियर्स ने इसकी निगरानी नहीं की। मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन उड़ाही में लगी हुई थी। इस कंपनी को आगे काम नहीं दिया जाएगा। ब्लैक लिस्टेड से आगे की कार्रवाई होगी। अब नए पुल का निर्माण कार्य पुल निर्माण निगम कराएगा।

### बकरा नदी पर पिलर धंसने से पुल गिरा

ग्रामीण कार्य अपर मुख्य सचिव दीपक सिंह ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग से बन रहे तीन पुल ध्वस्त हुए। 18 जून को अररिया में बकरा नदी पर निर्माणाधीन पुल गिरे। 7 करोड़ रुपए की लागत से यह पुल बने थे। संवेदक को 6.50 करोड़ रुपए भुगतान किया गया है। पिलर धंसने की वजह से निर्माणाधीन पुल ध्वस्त हो गए। टीम बनाकर जांच कराई गई। यह पुल प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनाई गई थी। केंद्र की टीम ने भी जांच की।

### ठेकेदार के भुगतान पर लगी रोक

दीपक सिंह ने बताया कि विभाग ने 6 इंजीनियर पर कार्रवाई की गई। 4 सस्पेंड किए गए। 2 पहले से सस्पेंड हैं। ठेकेदार को आगे काम नहीं दिया जाएगा। भुगतान पर रोक लगा दी गई है। डीपीआर बनाने वाली कंसलटेंट को भी आगे काम नहीं दिया जाएगा। ग्रामीण कार्य के दूसरा निर्माणधीन पुल पूर्वी चंपारण में 23 जून को गिरे। ठेकेदार ने एफआईआर दर्ज कराई है। विभाग ने संबंधित इंजीनियर को शो-कॉज किया गया है। पूछा गया है कि आखिर 15 जून के बाद ढलाई क्यों की गई। यह पुल 1.6 करोड़ रुपए से बनना है। अभी तक भुगतान नहीं किया गया है।

# संपादकीय

## देश का किसान परेशान : समस्याएं, चुनौतियां और समाधान

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिसमें देश की अधिकांश आबादी की आजीविका निहित है। भारत में, जहां करीब 60 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं, वहां किसानों की परेशानियां राष्ट्रीय चिंता का विषय हैं। वर्तमान में, भारतीय किसान विभिन्न आर्थिक, सामाजिक, और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### समस्याएं और चुनौतियां

**1. आर्थिक दबाव :** भारतीय किसानों का सबसे बड़ा मुद्दा आर्थिक तंगी है। कृषि कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की बढ़ती लागत के मुकाबले फसल की कीमतों में गिरावट एक बड़ी समस्या है। उदाहरण के लिए, खाद, बीज, और कीटनाशकों की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि फसल की समर्थन मूल्य में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, कर्ज का बोझ भी एक बड़ी समस्या है। छोटे और सीमांत किसान अक्सर उच्च ब्याज दरों पर कर्ज लेते हैं, जिसे चुकाना मुश्किल हो जाता है और कभी-कभी यह आत्महत्या तक की नौबत ला देता है।

**2. जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियाँ :** जलवायु परिवर्तन ने किसानों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। अनिश्चित मौसम, सूखा, बाढ़, और अन्य प्राकृतिक आपदाएं फसलों को नुकसान पहुँचाती हैं। बदलते जलवायु पैटर्न के कारण समय पर बारिश न होने या अत्यधिक बारिश होने से फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, जल संसाधनों की कमी भी एक प्रमुख समस्या है, जिससे सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सीमित हो जाती है।

**3. बाजार की अस्थिरता :** भारतीय कृषि बाजार में अस्थिरता एक बड़ी चुनौती है। फसलों की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव, उचित बाजार तक पहुंच की कमी, और बिचौलियों द्वारा शोषण के कारण किसान अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त नहीं कर पाते। कृषि उत्पादों की वितरण प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है ताकि किसानों को अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य मिल सके।

**4. नीतिगत चुनौतियां :** कृषि नीति में बार-बार परिवर्तन और कार्यान्वयन में असंगतता भी किसानों की समस्याओं को बढ़ाती है। किसानों को प्राय: नई नीतियों और योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं मिलती, जिससे वे सरकारी सहायता से वंचित रह जाते हैं।

### समाधान और सुझाव

**1. आर्थिक सहायता और कर्ज राहत :** किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार को उनके लिए कम ब्याज दरों पर ऋण योजनाएं शुरू करनी चाहिए। कर्ज माफी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि किसानों को कर्ज के बोझ से राहत मिल सके।

**2. जलवायु-समुचित कृषि :** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए जलवायु-समुचित कृषि तकनीकों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। सूखा प्रतिरोधी फसलों का विकास, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का विस्तार, और कृषि वानिकी को प्रोत्साहित करना चाहिए। किसानों को जलवायु अनुकूलित कृषि पद्धतियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक है।

**3. कृषि बाजार सुधार :** कृषि उत्पादों के लिए एक स्थिर और पारदर्शी बाजार प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार जैसी पहल को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य मिल सके और बिचौलियों की भूमिका कम हो सके।

**4. कृषि शिक्षा और सूचना :** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नीतियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। किसान हेल्पलाइन और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की जा सकती है।

### निष्कर्ष

देश के किसान विभिन्न आर्थिक, सामाजिक, और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। कृषि में नवाचार, बाजार सुधार, जलवायु अनुकूलित कृषि, और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए ठोस नीतिगत कदम उठाना जरूरी है। केवल इसी तरह से हम अपने अन्नदाताओं को उनकी परेशानियों से मुक्त कर सकते हैं और भारतीय कृषि को सशक्त बना सकते हैं।

## आस्था के नाम पर त्रासदी

सवाल है कि आस्था के नाम पर सामने आई त्रासदी के लिए अगर सत्संग के आयोजकों की जिम्मेदारी बनती है, तो इस व्यापक लापरवाही में प्रशासन भी अपनी जवाबदेही से कैसे बच सकता है? अस्सी हजार लोगों की जुटान की इजाजत दे दी गई और ढाई लाख लोगों का जमावड़ा हो गया तो यह किसके आंख मूंद लेने की वजह से हुआ?

हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुए हादसे की न्यायिक जांच की घोषणा हो गई है और इस तरह अब इसके सहारे सरकार इस घटना पर उठने वाले सवालों के शांत होने की उम्मीद कर रही है। अब इस जांच के नतीजे कब आएंगे, किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी, क्या कार्रवाई होगी, यह सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है। मगर इस घटना में जो हुआ, उसने न केवल किसी स्वयंभू बाबा और उसके समूह को, बल्कि सरकार और समूचे प्रशासन-तंत्र को कठघरे में खड़ा किया है। हालत यह है कि एक बाबा के कथित सत्संग के आयोजन को लेकर तो सभी स्तरों पर लापरवाही बरती ही गई, उससे उपजी अव्यवस्था की वजह से मची भगदड़ में कम से कम एक सौ इक्कीस लोगों के मारे जाने के बाद कार्रवाई के मामले में भी पुलिस और प्रशासन का जो रुख सामने आया है, वह हैरान करने वाला है।

खबरों के मुताबिक भगदड़ के बाद छह सेवादार भाग गए थे, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की गई। इसके अलावा, पुलिस का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो 'भोले बाबा' से भी पूछताछ की जाएगी। हालांकि इसका कोई संतोषजनक जवाब सामने नहीं आया है कि बाबा का नाम पुलिस के पास दर्ज प्राथमिकी में क्यों नहीं है!

सवाल है कि आस्था के नाम पर सामने आई त्रासदी के लिए अगर सत्संग के आयोजकों की जिम्मेदारी बनती है, तो इस व्यापक लापरवाही में प्रशासन भी अपनी जवाबदेही से कैसे बच सकता है? अस्सी हजार लोगों की जुटान की इजाजत दे दी गई और ढाई लाख लोगों का जमावड़ा हो गया तो यह किसके आंख मूंद लेने की वजह से हुआ? इतनी बड़ी तादाद में लोगों के वहां आने के बाद प्रशासन ने क्या ऐसा किया ताकि आपात स्थितियों में बचाव हो सके?

जिस राज्य में आए दिन सरकार किसी भी कोने में छिपे अपराधियों को काबू में करने का दावा करती रहती है, उसमें पुलिस और खुफिया तंत्र के इतने बड़े जाल के बावजूद 'भोले बाबा' कैसे फरार हो गया?

सब कुछ दुरुस्त होने के दावे के बीच एक बाबा भारी संख्या में लोगों को जुटा कर अपनी महिमा का बखान करता रहा। फिर भगदड़ के बाद उसके फरार हो जाने पर पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही और प्राथमिकी तक में उसका नाम नहीं है तो इसके पीछे क्या वजहें हैं?

# पुलों का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण



ललित गर्ग



बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली हैं। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल-पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान है। इस हादसे के कारण अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हुए एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए थे। सभी को इस बात की हैरानी हो रही है कि देश के सबसे प्रमुख हवाईअड्डे पर इस तरह का हादसा कैसे हो सकता है? मुंबई में भी घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। इन पुलों के गिरने एवं अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बर्बादी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटनाएं कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आईं थी।

जाहिर है, इन पुलों के ढहने एवं गिरने से कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। ये पुल ग्रामीण लोगों के जीवन की अनिवार्यता एवं जीवनरेखाएं हैं। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में उच्च लागत के बावजूद छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरुपयोग ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था कि जो पुल जर्जर अवस्था में हैं, उनका विकल्प भी साथ-साथ तैयार किया जाए?

इस तरह बार-बार पुलों का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। ये पुल हादसें एवं ध्वस्त होने की घटनाएं बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के चरम पर होने को ही बल देती है। ऐसा नहीं है कि बिहार में ही ऐसे हादसें हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। सिर्फ बिहार में पुलों का यूं ढहते जाना ही चिंता की बात नहीं है, दूसरे तमाम राज्यों से भी चमचम सड़कों पर बनते गड्ढ़ों और नए निर्माण के दरकने की खबरें लगभग रोजाना सुर्खियां बटोर रही हैं। इसलिए बेहतर होगा कि तमाम सार्वजनिक निर्माण में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं आधुनिक स्थापित मानकों की गारंटी सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी किस्म की कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय हो। देश भर में तमाम पुराने पुलों की समीक्षा के साथ-साथ उनके रखरखाव या वैकल्पिक पुल के निर्माण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

इतना तय है कि ये सभी पुल अगर भरभरा कर गिर रहे हैं तो इनकी डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार इन एवं ऐसे पुलों की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? यह तय है कि इन पुलों के निर्माण में व्यापक खामियां थीं और वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता?

देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषत: राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। हादसों का एक बड़ा कारण जांच में दोषी और जिम्मेदार ठहराए गए अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना भी है। बिहार, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात हादसों के दोषियों को बचाने के प्रयास भी सबके सामने हुए हैं। हर हादसे के बाद लीपापोती के प्रयास खूब होते हैं। हादसे में मरने वालों के परिजनों को मुआवजा बांटकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी समझने वाली सरकारों को इससे आगे बढ़ना होगा। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।

हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। ऐसे निर्माण कार्यों में कमीशन-रिश्वतखोरी रोकने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि जब ठेकेदार एक बड़ी राशि कमीशन के तौर पर दे देता है, तो फिर वह निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति लापरवाह हो जाता है। लापरवाही की परिणति ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है।

प्रगतिशील कदम उठाने वाले नेतृत्व ने अगर भ्रष्ट व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद एवं भ्रष्टता में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। राजनीति के क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले में एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने का अभिनय तो सभी दल एवं नेता करते हैं पर खींचता कोई भी नहीं। रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है।

घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई रिश्वत छू नहीं सके, जिसको कोई सिफारिश प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन भ्रष्ट पुलों का भर-भराकर गिरना बन्द होगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3234



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3233 का हल



## हंसी के फूव्वारें

क्या तुम मुझसे प्रेम करते हो?
इसमें भी कोई सन्देह है.
'तो क्या तुम मेरे लिए मर भी सकते हो?'
'नहीं प्रिय यह मेरा अमर प्रेम है.'

एक कुंवारी और कुंवारा घूम रहे थे कि तभी कुंवारी को जोर से खांसी आ गई, कुंवारा बोला-प्रिय तुम्हारे गले के लिए कुछ ले लूं क्या?
हां, वह मोतियों का हार जो सामने की दुकान पर है, कुंवारी बोली.

भगवान से सबकी रक्षा की विनती कर चुकने पर छोटे से मोहन ने कहा- मेहरबानी करके अपनी रक्षा भी करना यदि तुम्हें कुछ हो गया तो हमारा तो नाश हो जायेगा.

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे कब तक कड़वी दवा खानी पड़ेगी?
डॉक्टर: जब तक मेरा बिल अदा न कर दोगे.

टिकटचेकर: बच्चा, टिकट दिखाओ.
साधु: हम तो साधु हैं, हमें टिकटों से क्या लेना-देना.
टिकटचेकर: तो क्या जिन्होंने टिकट ले रखे हैं वे सब क्या चोर-उचक्के हैं?

## फिल्म वर्ग पहेली - 3234



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3233



## सूडोकु -3234

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3233 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3234



**बाएँ से दाएँ**

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

शब्द पहेली -3233 का हल



# हेलीपोर्ट के लिए जारी होगा ग्लोबल टेंडर

## कर सकेंगे चार धाम की यात्रा, एनआईटी में किया जाएगा शामिल

नोएडा। नोएडा में दो बार हेलीपोर्ट योजना के ग्लोबल टेंडर होने के बाद भी योजना को पूरा नहीं कराया जा सका।

इसके निए अब नोएडा प्राधिकरण ने नियाल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड से सुझाव लेने के लिए कहा है। ताकि यहां हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा सके।



नोएडा में बनाया जाने वाले हेलीपोर्ट से चार धाम की यात्रा के साथ 500 किमी की रेंज में आने वाले धार्मिक स्थ लों तक जाया जा सकेगा। नोएडा की ये परियोजना सेक्टर-151ए में प्रस्तावित है।

इसके निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाने है। इसका डिजाइन बेल 412 (12 सीटर) के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी।

इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपात काल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा। हालांकि दो बार ग्लोबल टेंडर जारी करने के बाद भी सिर्फ एक कंपनी ही आई थी। ऐसे में अब दोबारा से इसकी नोटिस इनवाटिंग टेंडर (एनआईटी) में बदलाव कर टेंडर निकाला जाएगा।

### कई कंपनियों के सुझाव के बाद भी नहीं मिली निर्माण कंपनी

हेलीपोर्ट निर्माण व संचालन कंपनियों को ये योजना इकोनॉमिक रूप ये वाय बल नहीं लगी। इसमें टेंडर नियम शर्त को उनके सुझाव के आधार पर तैयार नहीं किया गया।

जबकि कई बार प्राधिकरण कार्यालय पर हेलिकॉप्टर संचालन करने वाली कंपनियों को बुलाकर सुझाव लिया गया था, उनके सुझाव पर ठीक से अधिकारियों ने अमल नहीं किया।

यही कारण रहा की कंपनियों ने टेंडर में रुचि नहीं दिखाई। दो बार ग्लोबल टेंडर जारी होने के बाद भी सिर्फ एक ही कंपनी आई।

### इन वजह से नहीं दिखा रही कंपनियां रुचि

नोएडा एयरपोर्ट और प्रस्तावित हेलीपोर्ट का नजदीक होना

जिन स्थानों का हवाई सफर बनाया गया वो महज 100 से 500 किमी के रेंज में है।

यहां सड़क रास्ता से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

शर्तों में जो कंपनी इसका निर्माण करेगी वो सिर्फ 30 साल तक ही संचालन करेगी।

टेंडर शर्तों में कई ऐसे क्लाज है जिनका पालन करना कंपनियों के लिए मुश्किल है।

नोएडा प्राधिकरण का सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक कार्यालय

नोएडा प्राधिकरण का सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक कार्यालय

देश के इन शहरों में होना था हवाई सफर

### 100 से 200 किमी में मथुरा आगरा

200 से 300 किमी में मसूरी , यमुनोत्री, पंतनगर, नैनीताल, उत्तरकाशी , श्री नगर, गोचर, अलमोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, हरिद्वार जयपुर, चंडीगढ़, ओली

300 से 400 किमी बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री , जोशीमठ, रामपुर, मंडी, अजमेर

400 से 500 किमी मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी, अयोध्या

# नोएडा के लॉजिक्स मॉल में लगी भीषण आग



नोएडा। नोएडा के लॉजिक्स मॉल में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। इसमें 250 लोग फंस गए। पूरे मॉल में धुआं भर गया। अफरा-तफरी मच गई।

किसी तरह से लोगों ने भागकर जान बचाई। आग की शुरुआत एडिडास शोरूम से हुई। इसके बाद तेजी से फैलने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। मॉल में इतना धुआं भरा था कि निकालने के लिए शीशे तोड़ने पड़े। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

शुक्रवार सुबह 11 बजे फर्स्ट फ्लोर पर बने एडिडास शोरूम में आग लगी। आग और धुआं भरते ही मॉल का फायर अलार्म बज गया। जैसे ही अलार्म बजा अफरा-तफरी मच गई। थोड़ी ही देर में पूरे मॉल में धुआं भर गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। सभी एक्जिट गेट खोल दिए गए। लोगों ने किसी तरह से भागकर जान बचाई।

### मॉल के अंदर सर्च ऑपरेशन चला रही पुलिस

दमकल विभाग के अफसरों ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि आग शॉट सर्किट से लगी। धुआं ज्यादा होने की वजह से दमकल कर्मियों ने गेट पर लगे शीशों को तोड़ दिया।

टीम मॉल के अंदर सर्च कर रही कि अंदर कोई और फंसा तो नहीं है। स्थानीय पुलिसकर्मी उनकी मदद कर रहे हैं।

डीसीपी राम बदन सिंह ने कहा- किसी को चोट नहीं लगी है। धुएं को मशीनों से निकाला जा रहा है। एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया- आग की जांच टेक्निकल टीम कर रही है। सभी लोग सुरक्षित हैं। मौके पर 12 गड़िया भेजी गई हैं।

# शार्ट न्यूज

## प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 12 जुलाई को

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अब 12 जुलाई को होनी प्रस्तावित है। पिछले एक महीने में चौथी बार बोर्ड बैठक की यह तारीख तय की गई है। बोर्ड बैठक में करीब 50 प्रस्ताव रखे जाएंगे ।पिछले महीने पहले 16, इसके बाद 21 और फिर 27 जून को बोर्ड बैठक होनी प्रस्तावित थी, लेकिन तीनों बार ही किसी न किसी वजह से मामला अटक गया और बोर्ड बैठक टल गई। अब 12 जुलाई को बोर्ड बैठक होने की नई तारीख सामने आई है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि उम्मीद है कि इस बार बैठक नहीं टलेगी। इस बार होने वाली बोर्ड बैठक में करीब 50 प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें बिना पर्चेबल एफएआर की अनुमति के निर्माण करने वालों से अब प्राधिकरण 2 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर तक शुल्क वसूलेगा। अभी तक यह फीस 200 रुपये प्रति वर्ग मीटर है। इसके अलावा स्पोर्ट्स सिटी के समाधान, फ्लैट-खरीदार मामले की स्टेटस रिपोर्ट सहित अन्य प्रस्ताव रखे जाएंगे।

## कंपनी मालिक को मारने की धमकी

नोएडा। सेक्टर-6 स्थित कंपनी के मालिक ने एक व्यक्ति पर मारपीट के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपी के साथ कंपनी का मैनेजर भी मिला हुआ है। उन्होंने फेज-1 थाने में केस दर्ज कराया है ।पर्थ सिंह ने पुलिस को बताया कि मोहित नागर उनकी कंपनी में कच्चे माल की सप्लाई करता था। वह कंपनी के मैनेजर पंकज झा के साथ मिलकर फर्जी बिल बनाकर ज्यादा रुपये ले रहा था। जांच करने पर बिल गलत मिला। जब उन्होंने इसको लेकर पंकज झा से पूछताछ की तो उन्होंने गलती को स्वीकार कर लिया। उन्होंने मोहित नागर से माल लेना बंद कर दिया। इसके बाद मोहित ने चार जुलाई को उनके ऑफिस आकर उनको जान से मारने की धमकी दी और मारपीट का प्रयास किया। आरोपी शाम को दोबारा से 10 से 15 लोगों को लेकर पहुंचा और उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। पूरी घटना कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## हिन्दू रक्षा दल के नेता अन्नू चौधरी जिला बदर

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने हिन्दू रक्षा दल से जुड़े अन्नू चौधरी को गुंडा एक्ट में निरुद्ध करते हुए जिला बदर कर दिया है। अन्नू को 6 महीने तक जिले की सीमा में नहीं घुसने का फरमान जारी किया गया है। पिछले दिनों भाजपा के हारने पर अयोध्यावासियों को गद्दार कहने के आरोप में पुलिस ने अन्नू चौधरी और उसके साथी दक्ष चौधरी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने 26 जून को ईशू चौधरी उर्फ अन्नू शिखरवार के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। इसमें अन्नू पर कुल 3 मुकदमे बताए गए जो गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ से संबंधित थे। इस रिपोर्ट में पुलिस ने कहा- अन्नू एक शातिर किस्म का अभियुक्त है। उसका क्षेत्र की जनता में इतना भय और आतंक व्याप्त है कि उसके विरुद्ध कोई रिपोर्ट लिखाने एवं साक्ष्य देने का साहस नहीं जुटा पाता। इसलिए इसका जनपद में रहना जनहित में नहीं है। 3 जुलाई को गाजियाबाद पुलिस ने ईशू उर्फ अन्नू चौधरी को 6 महीने के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी कर दिए।

## मेयर ने देखी गाजियाबाद की स्मार्ट वर्किंग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हो रही स्मार्ट वर्किंग को मेयर सुनीता दयाल ने सभी पार्षदों संग शुक्रवार को रखा। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल कमांड सेंटर, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, 311 एप की वर्किंग देखी। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मेयर सुनीता दयाल और पार्षदों को बताया कि 1100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे नगर निगम द्वारा इंटीग्रेटेड किए जा चुके हैं। इनकी लाइव स्ट्रीमिंग सुविधा नगर निगम के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में देखी गई। इसी सेंटर से व्हीकल ट्रैकिंग मॉनीटरिंग सिस्टम की वर्किंग भी परखी गई। जिकमें कविनगर, पटेलनगर, दौलतपुरा, राजेंद्रनगर आदि इलाकों से डोर-टू-डोर हो रहे कूड़ा कलेक्शन को मेयर-पार्षदों ने लाइव देखा। जो कैमरे इंटीग्रेटेड किए गए हैं, उनका लाभ कांवड़ यात्रा में प्रशासन द्वारा मॉनीटरिंग करने में लिया जाएगा। नगरायुक्त ने बताया कि गाजियाबाद-311 एप के माध्यम से मार्च से अब तक 14600 समस्याओं का निस्तारण हुआ है।

## प्रॉपर्टी डीलर के साथ रील बनाने वाले प्रशिक्षु निलंबित, पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोनी। प्रॉपर्टी डीलर के साथ वीडियो बनवाने वाले दो प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को अधिकारियों ने निलंबित कर दिया है। इन प्रशिक्षू उपनिरीक्षकों के साथ मिलकर वीडियो रील बनाने वाले प्रॉपर्टी डीलर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो रील वायरल होने के बाद अधिकारियों ने यह कार्रवाई की है। प्रॉपर्टी डीलर ने अपनी आईडी से सोशल मीडिया पर वीडियो रील वायरल की थी। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो रील वायरल हुई। वीडियो में सरताज नाम का एक प्रॉपर्टी डीलर दो पुलिसकर्मियों के साथ वीडियो बना रहा है। पुलिस कर्मियों के साथ प्रॉपर्टी डीलर की कई वीडियो सोशल मीडिया पर आई हैं। एक वीडियो में प्रॉपर्टी डीलर दोनों प्रशिक्षू उपनिरीक्षकों धर्मेंद्र शर्मा और रितेश कुमार को अपने ऑफिस में बिता रहा है। दूसरी वीडियो में प्रॉपर्टी डीलर दोनों पुलिसकर्मियों को आसपास खड़ा कर वीडियो बना रहा है।

## बदमाशों ने लूट के अगले दिन बेचा मोबाइल, खरीदार समेत तीन पकड़े

मोदीनगर। निवाड़ी पुलिस ने दो दिन पहले बीएससी के छात्र से हुई मोबाइल लूट का खुलासा बृहस्पतिवार को कर दिया। बदमाशों ने लूट के एक दिन बाद ही मोबाइल दो हजार रुपये में बेच दिया था। पुलिस ने दो बदमाशों सहित खरीदार को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और नकदी बरामद हुई है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि कस्बा निवाड़ी निवासी बीएससी के छात्र आदिल से मंगलवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने निवाड़ी के अबूपुर गेट के समीप मोबाइल लूट लिया था। मोबाइल के कवर में एक हजार रुपये की नकदी भी रखी थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे में लग गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यम से बदमाशों की पहचान कर बृहस्पतिवार सुबह तीन संदिग्ध हिरासत में ले लिए। पूछताछ में दो मोबाइल लुटेरे और एक खरीदार निकला। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल और तीन हजार की नकदी बरामद की।

# मुआवजा वितरण कैप का किसानों ने किया बहिष्कार

एजेंसी

दादरी। अच्छेजा गांव में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से लगाए गए कैंप का किसानों ने बहिष्कार कर दिया। कोई भी किसान कैंप में मुआवजा राशि लेने के लिए नहीं पहुंचा।

सुबह से ही सभी किसान एकजुट होकर अजय प्रधान के यहां बैठे रहे। किसानों ने एकजुट होकर फैसला लिया है प्राधिकरण को अपनी जमीन नहीं देंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एनएचआई 34 से 60 मीटर चौड़ी रोड को ग्रेनो वेस्ट की 130 मीटर से जोड़ने की योजना है।

इसके लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने अच्छेजा गांव में जमीन अधिग्रहण किए जाने के लिए नोटिस जारी किया है। 36 खसरा नंबरों के किसानों ने अपनी आपत्तियां प्राधिकरण में लगा दी हैं। प्राधिकरण ने आपत्तियों पर ध्यान नहीं देते हुए पांच जुलाई को गांव अच्छैजा में कैंप लगा कर मुआवजा वितरण की घोषणा कर दी थी।

किसानों का कहना है 2007-8 में ग्रेनो प्राधिकरण ने सादोपुर व बादलपुर गांव में जमीन का अधिग्रहण कर चुकी है। जो जमीन खाली पड़ी है, प्राधिकरण उस जमीन पर रोड निकाल सकती है।

अच्छेजा में किसानों की जमीन खाली नहीं है। महाराज सिंह, कपिल शर्मा, ओंकार नागर, रोमी शर्मा, आनंद शर्मा, जय चंद शर्मा, बबलू शर्मा, राजपाल नागर, सचिन शर्मा, संजय शर्मा, जय कुमार, राम मूर्ति नागर, विक्रम नागर,ओमवीर नागर, समेत लोग उपस्थित रहे।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 36 अवैध कट होंगे बंद

नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सड़क सुरक्षा में एक बड़ा सुधार होने जा रहा है। शहर की सड़कों पर 36 अवैध कट को एक सप्ताह के भीतर बंद कर दिया जाएगा। मंडलायुक्त मेरठ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों का मानना है कि इस कार्रवाई से न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि यातायात प्रवाह भी बेहतर होगा।

### डिवाइडर काट कर बनाया कट

एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्त मेरठ ने बैठक की। उनके सामने परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने जिले में 36 अवैध कट की सूची प्रस्तुत की। इस पर उन्होने संबंधित सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा तत्काल अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिया। एआरटीओ प्रवर्तन ने कहा कि सड़क पर अवैध कट के कारण अक्सर सड़क हादसे होते हैं और जाम लगता है। गौरतलब है कि जिले में कई स्थानों पर बने अवैध कट की वजह से दुर्घटनाएं होती हैं। रेस्टोरेंट, होटल, गांव और अन्य मार्गों के सामने मनमाने ढंग से लोगों ने डिवाइडर काट कर ये कट बना लिए हैं।




### जानिए कौन से कट बंद होंगे

परिवहन विभाग ने जिले में 36 अवैध कट की सूची जारी की है। इनमें बिसरख एसीई गोलचक्कर के पास, होशियारपुर मार्केट के सामने फुटपाथ, सेक्टर-142 एडवांट के पास सर्विस रोड से एक्सप्रेस वे पर, एनएच 91 बादलपुर में आनंद अस्पताल, श्री राम अस्पताल, वाइन शॉप के सामने, पीएनबी बैंक छपरौला, पोस्ट ऑफिस छपरौला, त्यागी पंप, कुमार होटल, नेशनल होटल, करतार नगर, बादलपुर कट, चौधरी काला वैष्णव कट, सादोपुर कट, होंडा इंडियन ऑयल, हरिचंद्र का बागकट, रबड़ गोदाम कट, इंडियन ऑयल कट, एनएच-91 दादरी में बालाजी इंक्लेव के सामने, नवीन सब्जी मंडी के सामने, बडपुरा गेट के सामने, यामहा कट, गुर्जर कॉलोनी के सामने, इस्लामिया मदरसा के सामने, नई बस्ती गेट के सामने,पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास सीएनजी पंप के सामने, कोटगांव के पहले रास्ते के सामने, शाहजी स्वीट्स रेस्टोरेंट के सामने, दौलतराम मार्केट के सामने, नवीन अस्पताल के सामने, सिंघल स्वीट्स के सामने, रावजी मार्केट के सामने और एस्कोट कॉलोनी के सामने अवैध कट हैं। इन सभी को बंद किया जाएगा।

### 2020 में 70 अवैध कट और रास्ते चिह्नित

वर्ष 2020 में यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से लेकर जेवर टोल तक ग्रामीणों द्वारा आने-जाने के लिए बनाए गए लगभग 70 अवैध कट और रास्ते चिह्नित किए गए थे। सबसे अधिक अवैध कट रबूपुरा में थे। अधिकारियों ने बताया था कि यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास ग्रामीण शॉर्ट कट के लिए कटीले तार और बैरिकेड तोड़कर रास्ता बना लेते हैं। इन रास्तों से न केवल पैदल आवागमन करते हैं बल्कि वाहनों को भी एक्सप्रेसवे पर ले आते हैं। पूर्व में भी कई बदमाश वारदात कर इन कट के रास्ते भाग चुके हैं।

# 2025 में यूपी करेगा मोटो जीपी रेस की मेजबानी

## नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगी रेस; इन्वेस्ट यूपी-डोर्ना स्पोर्ट्स के बीच समझौता



एजेंसी

नोएडा। यूपी में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए 'इन्वेस्ट यूपी' की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल की ओर से कार्मेलो एज़्पेलेटा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

यानी इस बार भी यूपी मोटोजीपी रेस की मेजबानी करेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा- प्रदेश में मोटो जीपी लाने से न केवल हमारे राज्य को वैश्विक खेल मंच पर उभारा जाएगा, बल्कि पर्यटन और संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

समझौते के तहत 2025 में होने वाली मोटोजीपी रेस इवेंट की मेजबानी भी नोएडा कर सकता है।

### निवेशकों को भी किया जाएगा शामिल

इस कार्यकारी समिति को सहयोग देने के लिए एक आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। औद्योगिक विकास प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी और राज्य के कुछ जाने-माने निवेशक भी इसके सदस्य होंगे।

### निवेशकों को भी किया जाएगा शामिल

इस कार्यकारी समिति को सहयोग देने के लिए एक आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। औद्योगिक विकास प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी और राज्य के कुछ जाने-माने निवेशक भी इसके सदस्य होंगे।

प्रदेश सरकार ने पूरे मोटो जीपी आयोजन की निगरानी के लिए एक हाई पावर समिति भी बनाई है।

इस समिति की अध्यक्षता मुख्य सचिव व अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह करेंगे।

इस समिति में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ सदस्य होंगे। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी और डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी भी इस समिति के सदस्य होंगे।

# जेवर कोतवाली प्रभारी ने कस्बे के सभ्रान्त व्यक्तियों के साथ मीटिंग

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



ग्रेटर नोएडा। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार जेवर थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाली पुलिस चौकीयों पर आगामी कांवड यात्रा, मौहरर्म को लेकर क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्तियों के साथ मीटिंग की गयी। जेवर कोतवाली प्रभारी ने जहाँगीरपुर में पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित मीटिंग में क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्तियों एक जुलाई को लागू हुए तीन नये कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने साईबर क्राइम से होने वाली ठगी के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा जेवर कोतवाली प्रभारी ने आगामी त्योहारों के सम्बन्ध में भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभ्रान्त व्यक्तियों को जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों और परिवार के लोगों सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करें जिससे भविष्य में दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने जहाँगीरपुर कस्बे में लगने वाले जाम के प्रति भी सभी दुकानदारों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।मीटिंग जहाँगीरपुर चौकी शिव प्रताप सिंह, एसआई धीरेन्द्र कुमार भी अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे इस मौके पर जहाँगीरपुर कस्बे के चेयरमैन गजेन्द्र मीणा सहित क्षेत्र एवं नगर के सभ्रान्त व्यक्ति शामिल रहे।

# 3 गांजा तस्कर अरेस्ट : 22 लाख का गांजा मिला

## नशा बढ़ाने के लिए कराते थे रासायनिक क्रिया

नोएडा। रासायनिक परिवर्तन के जरिए अधिक मादकता का गांजा सप्लाई करने वाले तीन तस्करों को नोएडा से गिरफ्तार किया है। इनके पास से 60 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 22 लाख रुपए आकी गई है। इनकी पहचान पंकज नेगी, विशाल सिंह और गोलू कुमार हुई है। थाना एक्सप्रेस वे और स्वाट-2 टीम ने इन तीनों को छपरोली गोल चक्कर से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस पूरे गैंग का सरगना गोलू कुमार है। गोलू कुमार पहले भी जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद दोबारा बिहार जाकर इसने अपना दूसरा संगठन बनाया और तस्करी का काम करने लगा। गोलू ने बताया गया कि हम लोग एक साथ ट्रक में माल न लाकर छोटी छोटी मात्रा में ट्रेन और बस के जरिए अवैध गांजा छिपाकर जगह जगह सप्लाई करते है।



### उड़ीसा व आंध्र प्रदेश के बार्डर से लाते है गांजा

गोलू ने पूछताछ करने पर बताया कि गांजा तनकू, उड़ीसा व आंध्र प्रदेश के बार्डर से लाते है। पिट्ठू बैग में नीचे की तरफ अवैध गांजा के पैकेट रखते है। इसके बाद बैग के उपर पहनने के कपड़े भर लेते है।

जिससे की जल्दी से कोई पकड़ नहीं पाता है। पहले भी ये लोग यहां सप्लाई कर चुके है। इनके मोबाइल जब्त किए गए ह। जिनकी जांच की जा रही है। इसमें उन नंबरों को खंगाला जा रहा है जो इनके नोएडा दिल्ली एनसीआर में साथी है।

पूछताछ में गोलू ने बताया कि यह गांजा उच्च क्वालिटी का है। जिसे कई महीनों तक सुखा कर दबा कर बनाया जाता है। उड़ीसा, आंध्र प्रदेश के इलाकों में व पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले विशेष पत्तियों को बार बार उलट पलट कर सुखाकर दबाया जाता है।

इससे उसमे एक विशेष रासायनिक परिवर्तन होता है। जिससे कि इसकी मादक क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। इसलिये इसकी मांग अधिक होने के कारण इसकी कीमत भी सामान्य गांजे से कई गुना अधिक हो जाती है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे के पास बनेंगी दो फ्लैटेड फैक्ट्रियां

## एक छत के नीचे खुल सकेंगी 400 से ज्यादा एमएसएमई यूनिट; 20 हजार को मिलेगा रोजगार

नोएडा। नोएडा में मेडिकल इक्विपमेंट और गारमेंट सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए यमुना एक्सप्रेस के पास सेक्टर 28, 29 में दो फ्लैटेड फैक्ट्रियां बनाई जाएंगी। ये फ्लैट इंडस्ट्री 5-5 एकड़ में बनाई जाएंगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 30 करोड़ रुपए है। जिसमें प्रत्येक फैक्ट्री में 240-240 यूनिट होंगी।

इस यूनिट का आकार 60 वर्गमीटर से 120 वर्गमीटर तक होगा। अधिकारियों ने कहा कि ये कारखाने छोटी कंपनियों, विशेषकर स्टार्टअप को कम पूंजी में अपना कारोबार शुरू करने का अवसर देंगे। इससे करीब 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

फैक्ट्री के साथ बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इसमें एक ऐग्जीबिशन सेंटर, कैफेटेरिया, रिटेल शॉप, 1,000 वाहनों की पार्किंग जैसी सामान्य सुविधाएं शामिल होंगी। इसमें दो पहिया वाहनों को शामिल किया जाएगा। खास ये है कि ये एरिया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है। इसलिए सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण भी है।




### दो साल में पूरा होगा निर्माण, तीन एरिया की होंगी यूनिट

यमुना प्राधिकरण इन यूनिट को विभिन्न कंपनियों को किराए पर देगा। इसका निर्माण जल्द शुरू होने की उम्मीद है। निर्माण शुरू होने से लेकर भवन तैयार होने में दो साल लगेंगे। अधिकारियों ने कहा कि चार मंजिला फैक्ट्री का डिजाइन तैयार हैं और इसमें 60 वर्गमीटर आकार की 126 इकाइयां, 90 वर्गमीटर की 64 इकाइयां और 120 वर्गमीटर की 50 इकाइयां होंगी।

### निर्माण के लिए जारी होगा टेंडर

इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जल्द ही यमुना विकास प्राधिकरण की ओर से टेंडर जारी किया जाएगा। जिसमें डेवलपर का चयन किया जाएगा।

यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा- इसके लिए इसी महीने टेंडर जारी किए जाएंगे। एजेंसी का चयन होने के बाद काम शुरू कर दिया जायेगा। फ्लैटेड फैक्ट्री में प्लग एंड प्ले की सुविधा होगी यानी यहां सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और उद्यमी इन्हें किराए पर लेने के तुरंत बाद अपना काम शुरू कर सकेंगे।

### एमएसएमई को कारखाना शुरू करने में होगी आसानी

नोएडा और ग्रेटरनोएडा यमुना क्षेत्र में भूमि आवंटन दरें लगातार बढ़ रही है। इस प्रकार की योजनाओं से उद्यमीय को कारखाना शुरू करने के लिए जमीन खरीदने और उस पर निर्माण करने पर होने वाले खर्च से छुटकारा मिल जाएगा। इसमें सबसे ज्यादा एमएसएमई सेक्टर को फायदा होगा।

# सहारनपुर में साढ़े 3 करोड़ की लूट निकली फर्जी

## मेरठ के ज्वैलरी कारोबारी के स्टाफ ने रची थी साजिश, 5 आरोपी अरेस्ट

सहारनपुर। मेरठ के सराफा कारोबारी के स्टाफ से सहारनपुर के नागल में गुरुवार देर रात साढ़े 3 करोड़ की लूट हुई है। कर्मचारी सहारनपुर से गाड़ी से मेरठ लौट रहे थे। उनके साथ सोने, हीरे की ज्वैलरी और सामान था। सूचना पर नागल पुलिस भी पहुंची है।



देर रात पुलिस ने जांच में जुट रही। आरोपी और ड्राइवर से पूछताछ करने पर दोनों के बयान पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ में पता चला सराफ के दोनों स्टाफ ने ही अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। साथ ही लूट की वारदात में शामिल 5 आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मेरठ से लूट की गई ज्वैलरी बरामद कर ली है। फिलहाल वादी के राज्य से बाहर होने के कारण कोई तहरीर नहीं आई है।

एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया– गुरुवार यानी 4 जुलाई की देर रात को मेरठ के सराफा कारोबारी के स्टाफ से 3.50 करोड़ रुपए की घटना सामने आई थी। सराफा कारोबारी का स्टाफ सत्यम शर्मा और ड्राइवर तरुण सैनी अंबाला से ज्वैलरी लेकर लौट रहे थे।

बताया गया था कि दोनों को नागल में बाइक सवार कुछ अज्ञात युवकों ने उनसे लूट की है। लेकिन इस लूट के मास्टरमाइंड सत्यम शर्मा और ड्राइवर तरुण सैनी निकले। सत्यम शर्मा ने अपने साले डम्पी उर्फ हिमांशु के साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। इसके ड्राइवर भी शामिल था। पुलिस ने 5 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है और लूट का सामान भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी सत्यम शर्मा और ड्राइवर तरुण सैनी से पुलिस ने जब पूछताछ की तो दोनों के बयान पर शक हुआ। पुलिस ने शक्ति से पूछताछ की तो उन्होंने सब कबूल कर लिया। उन्होंने बताया– वो 3.50 करोड़ की ज्वैलरी की लूट की घटना दिखाकर हड़पना चाहते थे। इसलिए सत्यम शर्मा ने अपने साले और उसके दो साथियों के साथ लूट की घटना दिखाई।

मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के बेटे प्रियंक अग्रवाल जिनका अटायर डायमंड के नाम से कारोबार है। पुलिस को सराफ कारोबारी के स्टाफ ने बताया कि चार लुटेरे थे। गुरुवार की रात 11.30 बजे गन प्वाइंट पर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। वह दो बाइक पर सवार थे। एक बाइक काले रंग पल्सर और दूसरी सफेद रंग की अपाचे बताई जा रही है।

लुटेरे आए और कार के शीशे तोड़कर कार सवार दोनों स्टाफ को गन पॉइंट पर ले लिया। मारपीट कर लहूलुहान कर दिया है, उसके बाद लूट को अंजाम देकर वह फरार हो गए। लेकिन पुलिस ने जब जांच की तो मामला कुछ ओर ही निकला।

# थानेदार ने महिला के शव से गायब की ज्वलैरी

कानपुर। कानपुर में बीते साल शव से जेवर चुराने के मामले में नजीराबाद थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह समेत चौकी इंचार्ज व अन्य पुलिस कर्मियों को दोषी माना गया है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय ने डीसीपी साउथ की जांच के बाद दी गई चेतावनी को सजा मानने से इन्कार करते हुए आरोपी पुलिस कर्मियों पर विभागीय दंड तय करने का आदेश दिया है। नजीराबाद के रामकृष्णनगर में 12 अप्रैल 2023 को निखिल उर्फ विवेक ने मां राजकुमारी की हत्या कर खुदकुशी कर ली थी।

राजकुमारी के बेटे जितेंद्र उर्फ दुर्गेश का कहना था कि मां की मौत के दौरान उनके शरीर पर सोने की चेन, अंगूठियां और कंगन मौजूद थे। घटनास्थल की जांच के दौरान तत्कालीन नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह और चौकी प्रभारी रवि कुमार की मौजूदगी में शव से जेवर उत्तारकर पुलिस ने अपने कब्जे में तो ले लिए लेकिन पंचायतनामा व जनरल डायरी में दर्ज नहीं किया अंतिम संस्कार करने के बाद जब परिजन नजीराबाद थाने में जेवर लेने गए तो उन्हें धमका कर भगा दिया था। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय विपिन मिश्रा ने बताया की मामले की फाइल उनके पास पहुंची तो उन्होंने दोषियों पर विभागीय दंड तय करने के लिए डीसीपी दक्षिण को निर्देश दे दिए हैं।

बता दें कि आरोपी थानेदार को बिकरू कांड में गोली तक लगी थी। दारोगा कौशलेंद्र प्रताप सिंह पहले भी विवादित रहा है।

कानपुर के बिठूर थाने में तैनाती के दौरान चोरी की वैगनआर कार भी अपने व्यक्तिगत कामों में प्रयोग करते हुए मिले थे। इसमें भी थानेदार की काफी फजीहत हुई थी।

# फिरोजाबाद में पति से झगड़े के बाद पत्नी का सुसाइड

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में खेत बेचकर आए रुपए को लेकर पति और पत्नी के बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ। इसके बाद गुस्साई पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायका पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

थाना पिलुआ एटा के गांव नगला भजा धनगा निवासी रूबी (26) की शादी छह साल पहले थाना एका क्षेत्र के गांव नगला कृपी निवासी बिगनेश के साथ हुई थी। उन का अभी एक चार साल का बेटा भी है। बिगनेश माता-पिता की इकलौती संतान है और गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। युवक के माता पिता का पहले ही देहांत हो चुका है।

पुलिस के मुताबिक पिछले कई सालों से पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात पर झगड़ा होता रहता था। बिगनेश ने गुरुवार को अपना खेत बेचा था। खेत बेचकर आए रुपयों को लेकर पति-पत्नी के बीच कुछ कहासुनी और झगड़ा हुआ। बताया जाता है कि दोनों में मारपीट भी हुई थी। इसी बात से नाराज होकर विवाहिता ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

घटना की जानकारी होते ही परिजन वहीं आसपास किसी डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# आगरा के एयरफोर्स स्टेशन में अग्निवीर का सुसाइड

## इंसास राइफल से सिर में मारी गोली, परिजन बोले– कोई डिप्रेशन नहीं था

आगरा/बलिया। आगरा में एक अग्रिवीर ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना एयरफोर्स परिसर के तकनीकी क्षेत्र की है। मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे अग्निवीर श्रीकांत कुमार चौधरी (22) ने सरकारी इंसास से खुद को गोली मार ली।

श्रीकांत के गोली माथे पर लगी है। डेड बॉडी के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस सुसाइड के पीछे के कारण नहीं पता चल सके हैं। एयरफोर्स प्रशासन सुसाइड केस की जांच कर रहा है।

### ऑन द स्पॉट हो गई मौत

लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया–



मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे की घटना है। हमें सूचना मिली कि एयरफोर्स स्टेशन पर एक जवान ने खुद को गोली मार ली है। तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। एयरफोर्स कर्मियों के सहयोग से घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी पर मृतक के जीजा और कुछ रिश्तेदार आए थे। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। माथे पर गोली लगी है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### 6 महीने पहले हुई आगरा में पोस्टिंग

बलिया के रेवती थाना क्षेत्र के दिघार पचरूखिया गांव में श्रीकांत चौधरी का घर है। पिता मनजी पटेल खेती-किसानी करते हैं। श्रीकांत ने दिसंबर 2022 में बतौर अग्निवीर एयरफोर्स जॉइन की थी। परिजनों की मानें तो करीब 6 महीने पहले उसकी पोस्टिंग आगरा एयरफोर्स स्टेशन में हुई थी। 3 जून को श्रीकांत छुट्टी लेकर घर पहुंचे थे। 10 दिन की छुट्टी के बाद 13 जून को आगरा गए थे। बुधवार की सुबह 5 बजे परिजनों को सूचना मिली कि श्रीकांत का निधन हो गया है। हालांकि, तब उन्हें मौत के कारण नहीं बताए गए। परिजनों ने बताया– श्रीकांत के साथी जवान ने फोन पर यह सूचना दी थी।

### जांच के लिए लैब भेजी गई इंसास

श्रीकांत कुमार चौधरी के पास सरकारी इंसास राइफल थी। जवान ने राइफल से माथे के बीच में गोली मारी थी। गोली सिर के ऊपरी हिस्से से निकल गई। राइफल को कब्जे में ले लिया। जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा।

# इंटर कॉलेज की टीचर ने आत्महत्या की

## संभल में कॉलेज से बाजार गई, लौट कर लगा ली फांसी; कमरे से मिला सुसाइड नोट

संभल। संभल में इंटर कॉलेज की शिक्षिका ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। शव घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में पंखे से लटका मिला। कॉलेज से लौटने समय शिक्षिका बाजार गई। वापस आने के बाद उसने जान दे दी।

साथी शिक्षिका ने शव को देखकर मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन चंदौसी पहुंच गए हैं।

ऐसा कहा जा रहा है कि कमरे की जांच-पड़ताल में पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। लेकिन अभी सुसाइड की वजह सामने नहीं आई है। घटना चंदौसी थाना क्षेत्र के बिसौली गेट मोहल्ले की है। अभी 2 महीने पहले ही उसने यहां किराए पर कमरा लिया था।



### 2021 में हुई थी तैनाती

बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ककरई गांव के शांतिस्वरूप की बेटी कुमारी रचना (32) चंदौसी के रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज में खेल शिक्षिका के पद पर तैनात थी। 2021 में उसकी तैनाती हुई थी।

रचना पहले गणेश कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थी। 2 महीने पहले ही उसने बिसौली गेट के राजीव कुमार शर्मा के मकान की दूसरी मंजिल पर किराए पर कमरा लिया। इसी मकान में रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज की ही दूसरी शिक्षिका शारदा भी अपने परिवार के साथ रहती है।

### साथी शिक्षिका छत पर गई तब सुसाइड का पता चला

शिक्षिका शारदा ने बताया– गुरुवार को इंटर कॉलेज से हम दोनों साथ में घर लौट रहे थे। अभी घर पहुंचने वाले थे तभी रचना बाजार जाने की बात कह कर चली गई। कुछ समय के बाद रचना भी वापस घर लौट आई। जब मैं देर शाम छत से कपड़े लेने के लिए गई तो रचना को आवाज़ लगाई, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला।

थोड़ी देर के बाद फिर आवाज लगाई तब भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद धक्का देकर दरवाजा खोला तो पंखे से लटकता रचना का शव दिखा। मैंने शोर मचाया तो मकान मालिक राजीव शर्मा की पत्नी प्रगति शर्मा दौड़कर वहां पहुंची।

## विस्फोटक सामग्री के साथ 2 गिरफ्तार

बागपत। बागपत में पुलिस ने एक मकान पर छापेमारी करते हुए विस्फोटक सामग्री बरामद की है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विस्फोटक सामग्री की तस्करी करते थे और एक मकान में तस्करी के लिए विस्फोटक सामग्री इकट्ठा की गई थी। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पूरा मामला चांदीनगर थाना क्षेत्र का है, जहां चांदीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सरफाबाद निवासी सुलेमान अली के मकान पर पटाखे बनाए जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत सुलेमान के घर पर दबिश दी, जहां से पुलिस को सात बोरे पटाखे बनाने की सामग्री बरामद हुई। इसमें चार बोरे प्लास्टिक के गोलीनुमा दाने और अन्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस सुलेमान और खालिद को पकड़कर अपने साथ ले आई, जहां सुलेमान ने बताया की खेकड़ा निवासी वाहब पुत्र नामालिम उसे सामग्री लाकर देता था।

# सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में राहुल गांधी का पुतला भाजपाइयों द्वारा फूंकने से कांग्रेसी नाराज हैं। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि यह देश लोकतांत्रिक व्यवस्था पर चलने वाला देश है। संविधान के अनुसार हर व्यक्ति को अपना विचार रखने का अधिकार है। हमारे नेता राहुल गांधी ने लोकसभा के सदन में बतौर नेता विपक्षी दल अपने विचार रखे थे।उनकी बातों को तोड़ मरोड़कर भारतीय जनता पार्टी व उनके सहयोगी संगठन ने विभिन्न स्थानों पर हमारे नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। उनकी फोटो को हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पैतृक आवास के बाहर जलाया।

साथ ही सुल्तानपुर में भी जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पुलिस अधिकारियों की उपस्थित में पुतला फूंका। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश सरकार की शह पर राजनीतिक विद्वेष फैलाने का कार्य किया जा रहा है, जो की अशोभनीय और अलोकतांत्रिक है। इसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है।

अभिषेक सिंह राणा ने महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जि- जिन स्थानों पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई का आदेश दिया जाए। बीजेपी और जिन संगठन के लोगों ने पुतला दहन व फोटो जलाने का आपराधिक कृत्य किया।

# उन्नाव में दो नाबालिग सगी बहन लापता

## परिजनों ने पुलिस से की शिकायत, सर्विलांस टीम लगाई गई

उन्नाव। उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के गंगा कटरी स्थित एक गांव से दो नाबालिग सगी बहन लापता हो गई। पिता सियाराम यादव की सूचना पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने गांव के दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। किशोरियों के लापता होने पर गांव में हड़कंप मच गई। चर्चा है कि बिहार प्रांत के एक युवक का पड़ोस में आना जाना रहा है। 27 जून को वह यहां आया था। गांव के ही एक परिवार की संलिप्तता का आरोप है। योजनाबद्ध तरीके से किशोरियों को बहला कर अपहृत कर ले गया है।

इसी प्रकार कई साल पहले भी गांव की एक युवती की रास्ते में हत्या कर शव फेंक दिया गया था। जिसको लेकर परिजन परेशान है। सगी बहनों के लापता होने पर घर में चूल्हा तक नहीं जल सका है। थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर उनका पता लगाया जा रहा है।

आसीवन पुलिस ने पिता की तहरीर पर तैंतालीस दिन बाद तीन




युवकों के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आसीवन थाना क्षेत्र निवासी ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 मई की रात छत पर सो रही उसकी नाबालिग बेटी को पड़ोसी दीपू अपने साथ लेकर चला गया। पत्नी ने रात में बिस्तर खाली देख खोजबीन की, तब दीपू भी गायब था।

एक घंटे बाद वह पीछे के रास्ते अपने घर पहुंचा तो उससे बेटी के बारे में पूछा गया तो उसने इनकार कर दिया। पुलिस सूचना दी गई। पुलिस ने उसे चौकी पर बिठा लिया। दूसरे दिन रिंकू व महेंद्र किशोरी को लेकर चौकी पहुंचे, जहां पुलिस ने केस दर्ज करने के बजाए समझाकर चलता कर दिया।

# एसपी ने पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

ललितपुर। एसपी ने जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी की इस कार्रवाई से जनपद के पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

कानून व सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक लगातार एक्शन में नजर आ रहे हैं। विगत दिवस आईजीआरएस/ जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों और कार्यों में शिथिलता बरतने को लेकर एसपी ने गुरूवार की देर रात एक दर्जन से अधिक मुख्य आरक्षी व आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया है। देर रात पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने मुख्य आरक्षी सुजान सिंह को थाना बालाबेहट से थाना कार्यालय मड़ावरा, मुख्य आरक्षी सतीश कुमार को चुनाव सेल से सीओ कार्यालय महरौनी, मुख्य आरक्षी सुशील कुमार को थाना मड़ावरा से हेड मुहर्रिर थाना मड़ावरा, मुख्य आरक्षी भालेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना कार्यालय नाराहट, मुख्य आरक्षी सर्वेश सिंह को थाना नाराहट से हेड मुहर्रिर थाना गिरार, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिंह को थाना बालाबेहट से थाना पूराकलां, आरक्षी रूपेश कुमार को चुनाव सेल से सीओ कार्यालय पाली, आरक्षी अश्वनी राठौर को सीओ कार्यालय से सीओ कार्यालय पाली, आरक्षी अनिल कुमार को चुनाव सेल से सोशल मीडिया सेल, आरक्षी कृष्णावतार माथुर को चुनाव सेल से सीओ सदर कार्यालय, आरक्षी तेज प्रताप को डीसीआरबी से सीओ कार्यालय महरौनी, महिला आरक्षी दिव्या विश्वकर्मा को महिला सहायता प्रकोष्ठ से सीओ कार्यालय तालबेहट, महिला आरक्षी ज्योति देवी को थाना सौजना से डीसीआरबी, आरक्षी अनुभव सिंह को थाना महरौनी से व आरक्षी रोहित कुमार को सोशल मीडिया सेल से एसओजी भेजा गया है।

# दिन-दहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने युवक से 1.70 लाख रुपये लूटे

ललितपुर। स्टेशन रोड स्थित सेन्ट्रल बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से करीब पौने दो लाख रुपये निकालकर अपने घर वापस जा रहे युवक से बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। इस घटना के बाद से जहां एक ओर शहर में हड़कम्प का माहौल बन गया तो वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ रहीं ऐसी घटनाओं को लेकर लोगों ने गहरी चिन्ता जाहिर की है। घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय व शहर



कोतवाल ने मौके पर पहुंच कर मुआयना कर अधीनस्थों को मामले में गहनता से पड़ताल कर जल्द खुलासे के निर्देश दिये हैं।

बताया जा रहा है कि मुख्यालय के समीपस्थ गांव रोंडा निवासी रौशन सिंह बुन्देला पुत्र वीर सिंह बुन्देला रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेन्ट्रल बैंक शाखा से किसान केडिट कार्ड के जरिए 1.70 लाख रुपये निकालकर घर की ओर जा रहा था। बारिश होने के चलते उसने रुपयों को पॉलीथीन के बैग में रखा हुआ था। रौशन सिंह के अनुसार वह इलाइट चौराहा के आगे स्थित टी.वी.एस. मोटर साइकिल के शोरूम के आगे पहुंचा ही था कि तभी मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने उसे मोटर साइकिल सहित रोक लिया। आरोप है कि इसी बीच बाइक सवार दोनों बदमाश उसके पास रखी रुपयों से भरी पॉलीथीन को लूट कर भाग गये। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों में सिहरन दौड़ गयी। घटना के बाद रौशन सिंह ने बताया कि परिवार में शादी समारोह होने के चलते उसे रुपयों की आवश्यकता थी, जिस कारण वह बैंक से केसीसी के माध्यम से रुपये निकालकर घर ग्राम रोंडा की ओर जा रहा था।

## शार्ट न्यूज

### एसपी ने ली परेड की सलामी



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, निर्माणाधीन बिल्डिंग, बैरकों एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये । आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

### लखनऊ में ढाई साल की बच्ची को कार ने रौंदा

लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज इलाके में ढाई साल की मासूम को कार सवार ने रौंद दिया। बच्चे मोहल्ले में खड़ी कार के पास खेल रहे थे। तभी ड्राइवर ने कार आगे बढ़ा दी। जिसके नीचे मासूम आ गई। परिजनों ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कन्नौज की रहने वाले मनोज 8 दिन पहले अपने परिवार के साथ अलीगंज के मिर्जापुर में ससुराल आए थे। बेटी शिवांशी गुरुवार शाम करीब 6 : 30 बजे मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ सड़क पर खेल रही थी। तभी कार ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ा दी। शिवांशी कार के अगले पहिए के नीचे आ गई। भागने की कोशिश में कार का पहिया दो बार बच्ची पर चढ़ा। बच्ची की चीख सुनकर आसपास भीड़ जमा हो गई। इसके बाद मोहल्ले के लोगों की मदद से बच्ची को केजीएमयू अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### बहन की शादी के दिन भाई की मौत

आंवला। बरेली में एक शादी वाले घर में उस समय कोहराम मच गया। जब बहन की शादी से पहले करंट की चपेट में आने से भाई की मौत हो गई और बड़ी बहन करंट से घायल हो गई। मां बाप ने कलेजे पर पत्थर रखकर बेटे के शव को गांव के श्मशान भूमि में रख दिया। शुक्रवार रात को बेटी की शादी की रस्म के बाद शुक्रवार आज बेटे का अंतिम संस्कार करेंगे। बहन को दहेज में देने के लिए लाए गए पंखे में उतरे करंट की चपेट में भाई जयवीर (21) आ गया। वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। भाई को बचाने की हड़बड़ी में बहन भी करंट की चपेट में आ गई। इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह प्लग निकाला। परिजन जयवीर को इलाज के लिए लेकर भागे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया। जयवीर की मौत की सूचना मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। जयवीर की पत्नी संगीता के साथ मां सूरजा देवी और बहन मीरा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराए बिना शव को श्मशान भूमि में रख दिया। शुक्रवार आज बहन की विदा होने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### लाठी-डंडे से पीटकर युवक की हत्या

कानपुर देहात। कानपुर देहात के शिवली में एक युवक को घर के अंदर लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक को सीएचसी शिवली लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक युवक की मां ने पुत्रवधू व उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर जेल भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि शिवली के हथिका गांव का रहने वाला विनीत मिश्रा उर्फ मंजुल प्राइवेट नौकरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। वह मौजूदा समय में अपने गांव से कुछ दूरी पर मैथा में मकान बनाकर पत्नी दीपा उर्फ नेहा और बच्चों के साथ निवास कर रहा था। उसके घर में पड़ोस के एक युवक का आना जाना लगा रहता था। जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। मृतक की मां कमला का आरोप है कि गुरुवार की देर रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पुत्रवधू ने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसके बेटे को घर में डंडों से पीटकर मार डाला।

### हापुड़ में पकड़ी एक ट्रक शराब

मेरठ। मेरठ एसटीएफ ने हापुड़ के पिलखुवा से एक ट्रक शराब पकड़ी है। बताया जा रहा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान रूट बंद होने के कारण अभी से यह शराब स्टॉक के लिए लाई जा रही थी। सूचना पर एसटीएफ टीम ने पहले ही पकड़ लिया। हिमाचल प्रदेश से ट्रक भरकर शराब लाई गई थी, जिसकी सप्लाई दिल्ली, एनसीआर, पश्चिमी यूपी सहित बिहार में होनी थी। हापुड़ के पिलखुवा थाने में इसका मुकदमा दर्ज किया है, मौके से एसटीएफ ने 4 लोगों को अरेस्ट किया है। एसटीएफ मेरठ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया- एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि अवैध तरीके से शराब की सप्लाई की जा रही है। ट्रक हापुड़ की तरफ से जा रहा है। सूचना पर टीम मौके पर गई। तो हापुड़ पिलखुवा में हिमांचल की तरफ से एक ट्रक आ रहा था। इसमें शराब की 500 पेटी थी। इसमें 24हजार क्वार्टर थे। जिनकी कीमत 30 लाख रुपए के करीब है। यह शराब हिमाचल प्रदेश से बिहार ले जाए जा रही थी। संभवत कावड़ यात्रा के दौरान यातायात बंद होने की वजह से शराब का स्टॉक किया जा रहा था। बाजार में एक क्वार्टर की कीमत 125 रुपए से 150 रुपए के बीच है।

### बीमारी से परेशान महिला का लटका मिला शव

जालौन। जालौन में लंबे समय से बीमारी से जूझ रही एक विवाहिता ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना को महिला ने तब अंजाम दिया जब उसका पति खेत पर जानवर चराने गया हुआ था। उसकी बूढ़ी सास सो रही थी। जैसे ही इसकी जानकारी पड़ोसियों के माध्यम से उसके पति को हुई, वह मौके पर पहुंचा और उसने मायके वालों सहित पुलिस को अवगत कराया। जानकारी मिलते ही मायके वाले और पुलिस मौके पर पहुंची। जहां जांच करते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मायके वालों ने पति पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुदातपुरा की है। यहां के रहने वाले दिनेश सिंह राजावत पुत्र स्वर्गीय जगरूप सिंह राजावत की 35 वर्षीय पत्नी आशा देवी ने बीमारी से तंग आकर घर पर दोपहर के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना को महिला ने तब अंजाम दिया जब उसका पति दिनेश जानवरों को लेकर खेत पर गया था। उसकी बूढ़ी सास घर पर सो रही थी।

### अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की सैनी पुलिस ने शुक्रवार को अंतर्जनपदीय चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों सहित चोरी किये गये ट्रैक्टर,व ट्राली बरामद कर लिये। पुलिस ने बताया कि अजुहा बाजार निवासी धर्मेंद्र केसरवानी का ट्रैक्टर और बालूसे भरी ट्रॉली 23 जून को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। बदमाशों की तलाश में जुट गई सीसीटीवी कैमरा फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर पुलिस आज प्रयागराज कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अटसरई गांवके पास से ट्रैक्टर ट्राली के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार चोर गाजीपुर जिले के थाना खानपुर क्षेत्रके निवासी हैं इनमें से विनोद गिरोह का सरगना है । विनोद के अलावा अमन और अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ कर रही है है।



## वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात के लिए महाराष्ट्र विधानसभा का निमंत्रण, रोहित शर्मा समेत चार खिलाड़ी शामिल

मुम्बई (एजेंसी)। बेरिल तूफान की वजह से तीन दिन बाद आखिरकार स्वदेश लौट आई है। गुरुवार, 4 जून को भारतीय टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची। भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में महाराष्ट्र विधानसभा टीम के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को सम्मानित करेगी। गुरुवार को स्वदेश पहुंची विश्व विजेता इंडियन टीम का भव्य स्वागत किया गया।राज्य विधानमंडल के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को सदन में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट टीम में भाग लेने वाले मुंबई के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को मुंबई के महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में सम्मानित किया जाएगा। स्पीकर नार्वेकर के अनुसार, शहर के खिलाड़ियों को शुक्रवार दोपहर विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा।मुंबई के मूल निवासी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारत की टी-20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। एएनआई के अनुसार शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक ने गुरुवार को मुंबई के खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने के मामले को उठाया। इसके बाद विधानमंडनल के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को न्यौता भेजने की बात कही।गौरतलब हो कि भारत ने 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्रॉफी जीती है। साल 2013 में आखिरी बार भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। वहीं, भारतीय टीम ने 17 साल बाद दूसरी बार आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

## बुमराह, रोहित, मंधाना प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह , कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के अलावा भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना , इंग्लैंड की मैया बाउचिर और श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट के लिए जून माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया है।बुमराह ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 विकेट लिए थे। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब भी दिया गया है। वहीं रोहित ने टी-20 विश्वकप के आठ मैच में 156.70 स्ट्राइक रेट से नाबाद 257 रन बनाए थे। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 92 रन रहा था।इसके अलावा आफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने टी-20 विश्वकप में 35.12 की औसत और 124.33 के स्ट्राइक रेट से कुल 281 रन बनाए। वहीं महिला वर्ग की बात करें तो मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 210 बनाकर दोहरा शतक लगाया था। गुणरत्ने और और बाउचिर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था।

## रोहित को देखकर भावुक हुई मां

### डॉक्टर का अपाइंटमेंट छोड़कर पहुंचीं थीं स्टेडिमय

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की मां विश्वकप ट्रॉफी के साथ अपने बेटे को देखकर भावुक हो गयी। रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी। बारबाडोस में आये भयंकर तूफान के कारण टीम तीन दिनों तक वहीं फंसी हुई थी।विशेष विमान से टीम के मुंबई पहुंचने पर रोहित भी अपने माता-पिता से मिले। इस दौरान भावुक हुई मां ने रोहित को बार-बार चूमा और गले लगाया। इससे पहले हवाई अड्डे पर विश्व चैंपियंस का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए प्रशंसकों ने पूरी टीम का जोरदार स्वागत किया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से भी खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इसके बाद मुम्बई में एक खुली बस से विजय परेड निकली गयी। अंत में वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह हुआ। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की मां भी स्टेडियम में पहुंची थीं वह डॉक्टर से इलाज के लिए अपना अपाइंटमेंट छोड़कर रोहित को देखने आई थी।रोहित शर्मा की मां पूर्णिमा ने कहा, मैंने कभी ये नहीं सोचा था कि मैं एक दिन ये दिन भी देखूंगी। रोहित ने टी20 विश्व कप से पहले हमसे बात की थी और उसने कहा था कि वो टी20 क्रिकेट छोड़ देना चाहता है लेकिन मैंने उससे बस इतना कहा कि जीतने की कोशिश करो। मेरा डॉक्टर से आज अपाइंटमेंट था क्योंकि मेरी तबियत खराब थी। इसके बावजूद मैं आई क्योंकि मैं इसे सामने से देखना चाहती थी। मैं सच में अपनी खुशी जाहिर नहीं कर सकती। वहीं विश्व कप जीत के बाद रोहित की मां ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी जारी की थी। इसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा एक साथ दिखाई दे रहे थे। रोहित ने विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कुशल कप्तानी करते हुए कठिन हालातों में भी टीम का मनोबल बढ़ाया।

## श्रीलंकाई लीग में छाये शादाब

मुम्बई (एजेंसी)।टी20 विश्व कप 2024 में असफल रहे पाकिस्तानी स्पिनर शादाब खान आजकल श्रीलंकाई प्रीमियर लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स की ओर से खेल रहे हैं। शादाब ने यहां अच्छी गेंदबाजी करते हुए एक हैट्रिक भी अपने नाम की है और टीम को जीत दिलायी। लंका प्रीमियर लीग के तहत कोलंबो स्टाइकर्स और कैंडी फाल्कन्स के बीच हुए मुकाबले में शादाब खान ने हैट्रिक लेकर कैंडी टीम की कमर ही तोड़ दी। इसके बाद कैंडी को इस मैच में 51 रनों से हार का सामना करना पड़ा। शादाब ने इस मैच में 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट लिए।वहीं शादाब ने इसके बाद गैले मार्वल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में भी अपनी टीम की ओर से 4 विकेट लिए। उस मुकाबले में हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में कप्तान डिकवेला ने 18 गेंदों पर 50, सहान ने 27 गेंदों पर 35 तो इसरु उडाना ने 34 गेंदों पर 52 रन बनाकर स्कोर 179 तक पहुंचाया था। वहीं कोलंबो की ओर से शादाब ने 4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट लिए पर उनकी टीम के बल्लेबाजी लक्ष्य का पीछा करते हुए 172 रन ही बना पाये और उसे हार का सामना करना पड़ा।

## पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को 29 रन से हराया

मुम्बई (एजेंसी)। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग 2024 के चौथे मैच में पाकिस्तान चैंपियंस ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को 29 रन से धूल चटा दी। शोएब मलिक की अर्धशतकीय पारी के बाद शाहिद अफरीदी और सोहेल तनवीर की घातक गेदबाजी के आगे वेस्टइंडीज की पारी बिखर गई। वेस्टइंडीज चैंपियंस के कप्तान क्रिस गेल का बल्ला नहीं चला, हालांकि ड्वेन स्मिथ ने अर्दशतकीय पारी खेली।पाकिस्तान चैंपियंस टीम के कप्तान यूनिस खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 194 रन का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की तरफ से मध्यक्रम के बल्लेबाज शोएब मलिक ने 41 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान मलिक ने एक छक्का और 5 चौके लगाए। इसके अलावा सरजील खान ने 35 रन, शान मसूद 22 रन और आमेर यामीन ने नाबाद 29 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाजी कामरान अकमल ने 5 रन जबकि कप्तान यूनिस खान ने मात्र 2 रन का योगदान दिया। शाहिद अफरीदी 10 गेंद पर 16 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज चैंपियंस की तरफ से एश्ले नर्स ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए।पाकिस्तान के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय वेस्टइंडीज की पारी पाक की घातक गेंदबाजी के आगे बिखर गई। 20 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन ही बना पाई और उसे 29 रन से हार का सामना करना पड़ा। ड्वेन स्मिथ ने 46 गेंद पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेली। कप्तान क्रिस गेल इस मैच में सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। जोनाथन कार्टर ने 34 रन का योगदान दिया।

# चकाचौंध में खोना नहीं, दबाव लिए बिना खेलना : ओलंपिक से पहले पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को दिया

नई दिल्ली । पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोये बगैर अपना फोकस बनाए रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा, 'मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नयी चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं। सरकार के नाते व्यवस्था में कुछ बदलाव लाने हैं तो काम करता रहूं। मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है।'

उन्होंने कहा कि ओलंपिक की चकाचौंध में खोना नहीं है क्योंकि इससे फोकस हटता है और ना ही विरोधी को देखकर विचलित होना है। उन्होंने कहा ,''यह कद काठी का खेल नहीं है बल्कि कौशल का खेल है। विरोधी खिलाड़ी की कद काठी से विचलित हुए बिना अपनी प्रतिभा पर फोकस रखें और वही परिणाम दिलाएगा।' उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग सब कुछ जानते हुए भी परीक्षा में गड़बड़ कर देते हैं और उसका मूल कारण है कि परीक्षा पर ध्यान कम होता है और वह अच्छे अंक लाने के दबाव में रहते है। आप जीत हार की चिंता मत कीजिए, पदक आते हैं और नहीं भी आते। इसका दबाव मत लीजिए लेकिन अपना शत प्रतिशत दीजिए।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारतीय खिलाड़ी पेरिस में पुराने तमाम रिकॉर्ड तोड़कर देश के लिए गौरव लेकर आएंगे। उन्होंने कहा, 'आप अपनी तपस्या से इस स्थान तक पहुंचे हैं। अब देश को खेल के मैदान पर कुछ देने का मौका है। खेल के मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाला देश के लिए गौरव लेकर आता है। मुझे विश्वास है कि इस बार पुराने सारे रिकॉर्ड तोडकर हमारे खिलाड़ी आएंगे।'

उन्होंने कहा कि वह ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों के स्वागत का इंतजार करेंगे। मोदी ने कहा, 'मैं आपका फिर से इंतजार करूंगा जब आप 11 अगस्त को ओलंपिक खत्म होने के बाद लौटेंगे। मैं कोशिश करूंगा कि 15 अगस्त को लालकिले पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में आप मौजूद रहें ताकि देश आपको देख सके क्योंकि जीत हार तो अलग लेकिन ओलंपिक खेलने जाना ही बहुत बड़ी बात है।'

उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी नींद का पूरा ध्यान रखने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा, 'खेल जगत में अभ्यास और निरंतरता का जितना महत्व है उतना ही नींद का है। आप सोचोगे कि प्रधानमंत्री आपको सोने के लिए कह रहे हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि अच्छी नींद बहुत जरूरी है। शरीर की मेहनत वाली नींद एक बात है और सभी चिंताओं से मुक्त होकर सोना अलग है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों से ओलंपिक के दौरान सीखने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी नाकाम होने पर भी कभी परिस्थिति को दोष नहीं देता। हम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जा रहे हैं लेकिन ओलंपिक सीखने का भी बहुत बड़ा मैदान होता है। अपने खेल के अलावा बाकी खेलों को भी देखने का मौका होता है ताकि नया सीख सकें।' उन्होंने कहा, 'सीखने की आदत से काम करने वाले के लिए सीखने के बहुत अवसर होते हैं। यूं तो दुनिया के समृद्ध और उत्तम सुविधाओं के साथ आए हुए देश के लोग भी शिकायत करते नजर आएंगे लेकिन हमारे खिलाड़ी कठिनाइयों को, असुविधाओं को हाशिये पर रखकर मिशन के लिये लग जाता है क्योंकि उसके मन में तिरंगा, अपना देश होता है।'

उन्होंने कहा, 'हम खिलाड़ियों को पहले इसलिए भेजते हैं कि वहां के अनुकूल ढल सकें। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इस



बार भी कुछ नया करने का प्रयास किया है। वहां के भारतीय समुदाय को भी हम सक्रिय करते हैं जो वह रखते हैं।' प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पी आर श्रीजेश, तीरंदाज दीपिका कुमारी, पहलवान अंतिम पंघाल, निशानेबाज मनु भाकर, रमिता जिंदल, चौदह वर्ष की तैराक धिनिधि देसिंघु के अलावा आनलाइन जुड़ने वालों में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु और मुक्केबाज निकहत जरीन समेत लगभग 90 खिलाड़ी शामिल थे।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# शुभमन की कप्तानी में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

### 4.30 बजे से शुरु होगा जिम्बाब्वे से मुकाबला

हरारे (एजेंसी)। शुभमन गिल की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भारी भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ियों के पास इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर रहेगा। भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ इस दौरे में पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल ने कहा है कि टी20 विश्वकप में टीम की जीत से हमारा भी मनोबल बढ़ा है। ऐसे में युवा टीम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस दौरे में युवा अभिषेक शर्मा, रियान पराग जैसे खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी।इस दौरे में शुभमन की कप्तानी कौशल की भी परीक्षा होगी। पारी की शुरुआत का अवसर रूतुराज गायकवाड़ को मिलना तय हैं। वहीं अभिषेक अगर पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं।

पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वहीं आक्रामक



बल्लेबाज रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतरेंगे। वहीं छठे नंबर पर विकेटकीपर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल में से जिसे अवसर मिलता है उतरेंगे। गेंदबाजी की कमान आवेश खान और खलील अहमद और मुकेश कुमार के पास रहेगी। स्पिनर के तौर पर रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर को अवसर मिलेगा।वहीं दूसरी ओर जिम्बाब्वे की बात करें तो वह भारत से काफी कमजोर है पर इस दौरे में भारतीय टीम को मेजबान टीम के सिकंदर रजा से सावधान रहना होगा। रजा को आईपीएल में खेलने के कारण भारतीय खिलाड़ियों के खेलने का तरीका पता है। इसके अलावा वेलिंगटन मसाकाजा , टेंडाइ चतारा जैसे खिलाड़ियों पर भी अंकुश लगाना होगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :-

**भारत** :- शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे** :- सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

# प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक के लिए रवाना वाले खिलाड़ियों को दी शुभकामनायें



### नीरज से बोले, तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक के लिए रवाना होने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल से मुलाकात कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि वे हार-जीत की चिंता किये बिना अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करें। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से शुरू हो रहे है और इसमें भारतीय खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। ओलंपिक के लिए रवाना होने वाले अधिकतर खिलाड़ी गुरुवार शाम को प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे पर नीरज चोपड़ा सहित कुछ खिलाड़ियों ने विदेश में प्रशिक्षण के कारण वीडियो कॉल से ही उनसे बात की।

नीरज से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते कहा, 'मुझे तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है।

' प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल के जरूरी है कि अच्छी नींद लें। इसलिए बिना किसी दबाव के आप सब लोग अच्छी नींद लीजिए। हो सकता है कि आपको लगे कि प्रधानमंत्री सोने को कह रहे हैं पर ऐसा सोचने की जरूरत नहीं है।

मेडिकल साइंस भी अच्छी नींद लेने की बात कहता रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' आप सब ओलंपियन हैं। ओलंपिक में हिस्सा लेना ही काफी बड़ी बात है पदक मिले तो अच्छा है नहीं मिले तो भी परेशान न हों। केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान दें। मैं प्रयास करूंगा कि इस बार 15 अगस्त को लालकिले के स्वतंत्रता दिवस समारोह में आप भी मौजूद रहें.'

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से इस दौरान खेलो इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने पूछा कि आप में से कितने लोग खेलो इंडिया से निकलकर खिलाड़ी बने हैं। इस पर कई खिलाड़ियों ने हाथ उठाए तो पीएम बोले, अच्छा काफी लोग हैं. इसके जवाब में मनु भाकर ने भी बताया, 'मुझे भी खेलो इंडिया से ही यहां तक पहुंचने में सहायता मिली है। प्रधानमत्री कार्यालय ने इस मुलाकात का वीडियो शुक्रवार सुबह जारी किया है।

# सूर्यकमार ने कहा , रोहित ने हमें दबाव में शांत बने रहकर खेलना सिखाया

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्वकप टूर्नामेंट में मिली खिताबी जीत से बेहद उत्साहित हैं। ट्रॉफी हाथ में लिए हुए सूर्यकुमार ने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमें दबाव का सामना करना सिखाया है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्होंने हम सभी को सिखाया है कि दबाव में कैसे शांत रहना है। वह स्वयं भी हमेशा शांत बने रहे। उन्होंने हमसे कहा कि हम ज्यादा आगे के बारे में न सोचें। हमारा एक आदर्श वाक्य भी था- अपना दिमाग वहीं रखें जहां आपके पैर हैं। रोहित ने हमें कहा कि सुपर 8 या सेमीफाइनल या फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहिए पर मैच को उसके अनुसार खेलना चाहिये। हमें एक समय में एक कदम उठाने की जरूरत थी और उन्होंने हमें दिखाया कि इस छोटे प्रारूप में कैसे बल्लेबाजी करनी है।

# चेपॉक में गेंदबाजों का होगा राज या रनों का लगेगा अंबार?

भारत और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच पहली टी20 मैच चेपॉक में खेला जाएगा। एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय समायनुसार शाम 7 बजे मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इससे पहले वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका को हरा चुकी है।

इस सीरीज से पहले भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया था। वहीं, दूसरी तरफ साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ अपनी टी20द्ध सीरीज 2-1 से गंवाई है। भारत टी20द्ध सीरीज को भी जीतने के इरादे से उतरेगा।

एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच में पिच हमेशा ही गेंदबाजों मददगार साबित हुई है। इस पिच पर स्पिनर्स का रोल अहम होता है। तकनीकी रूप से सक्षम बल्लेबाज इस पिच पर खूब रन बना सकते हैं। यहां आखिरी बार 2016 में इंग्लैंड और पाकिस्तान महिला टीम के बीच टी20द्ध मैच खेला था। कुल 228 रन बने थे और 15 विकेट गिरे थे।

### टी20 सीरीज के लिए दोनों टीमों के स्क्वाड

भारतीय महिला टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दयालन हेमलता, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), जेमिमा रोड्रिग्स , सजाना सजीवन, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, अमनजोत कौर, आशा शोभना, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी दक्षिण अफ्रीका की टीम- लौरा वोलवार्ड (कप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मेरिजेन कैप, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, क्लो ट्रायोन।

# वानखेड़े में रोहित शर्मा और विराट कोहली के डांस ने बनाया माहौल

### मुंबई के वानखेड़े में कुछ अलग ही नज़ारे देखने को मिल

नई दिल्ली (एजेंसी)।

भारतीय टीम ने वैसे हर जगह ही माहौल जमाया, लेकिन मुंबई के वानखेड़े में कुछ अलग ही नज़ारे देखने को मिले. मुंबई की मरीन ड्राइव पर हुई विक्ट्री परेड के बाद वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया के लिए सम्मानित समारोह का आयोजन हुआ. इस आयोजन में कई ऐतिहासिक पल देखने को मिले, जैसे टीम इंडिया को ब्ब्ब्द्ध ने अब तक की सबसे बड़ी 125 करोड़ रुपये की प्राइज़ मनी दी. इसके अलावा वानखेड़े में कुछ मस्ती भरे पल भी दिखाई दिए, जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत पूरी टीम शामिल रही.

मस्ती भरे पलों की एक वीडियो बीसीसीआई की तरफ से शेयर की गई, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली अपने डांस से माहौल बनाते हुए दिख रहे



हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी टीम के साथ मैदान का चक्कर लगा रहे होते हैं. इस दौरान ढोल बजने शुरू हो जाते हैं. ढोल की आवाज़ सुनते ही विराट कोहली और रोहित शर्मा नाचना शुरू कर देते हैं. दोनों को देखकर टीम के बाकी खिलाड़ियों के भी पैर थिरकने शुरू हो जाते हैं.

पूरी टीम इसी तरह अपने पैरों को थिरकाते हुए आगे बढ़ती है. सभी खिलाड़ियों के डांस में एक अलग एनर्जी देखने को मिली. हालांकि खिलाड़ी इससे पहले काफी लंबा सफर करके आए थे लेकिन फिर भी किसी के चेहरे पर थकान नहीं दिख रही थी.

डांस को आगे बढ़ता देख हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव में अलग जोश आ गया.

दोनों ही खिलाड़ी जमकर नाचे. इतना ही टीम के सपोर्ट स्टाफ के मेंबर भी इस डांस में बराबरी का हिस्सा ले रहे थे. जश्न मनाने के बाद लंदन के लिए रवाना हुए विराट कोहलीबता दें कि विराट कोहली विक्ट्री परेड और वानखेड़े स्टेडियम में हुए जश्न के बाद लंदन के लिए रवाना हो गए. मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो किंग कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों से मिलने के लिए लंदन रवाना हुए.

# जून में सात फीसदी गिरी यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री: फाडा

नई दिल्ली।

जून में सालाना आधार पर भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट आई। भीषण गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले लोगों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट इसकी बड़ी वजह बताई जा रही है। उद्योग निकाय फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुल यात्री वाहन पंजीकरण पिछले महीने 2,81,566 इकाई रहा, जबकि जून 2023 में यह 3,02,000 इकाई था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मांग को प्रोत्साहित करने के मकसद से बेहतर उत्पाद उपलब्धता तथा पर्याप्त छूट के बावजूद भीषण गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट आई और मानसून में देरी के कारण बाजार की धारणा सुस्त बनी हुई है। उन्होंने कहा कि डीलरों के अनुसार ग्राहकों के वाहनों के बारे में कम जानकारी हासिल करने और खरीद निर्णय में देरी जैसी चुनौतियों का उन्होंने सामना किया। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में अभी कुछ समय बाकी है, इसलिए यात्री वाहन मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है।

जून में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 13,75,889



इकाई हो गया। मानसून में देरी और चुनाव से संबंधित बाजार मंदी ने विशेष रूप से ग्रामीण बिक्री को प्रभावित किया, जो मई में 59.8 प्रतिशत से गिरकर जून में 58.6 प्रतिशत पर आ गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने पांच प्रतिशत घटकर 72,747 इकाई रह गई, जो जून 2023 में 76,364 इकाई थी। जून में ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 71,029 इकाई हो गई। तिपहिया वाहनों का पंजीकरण जून में पांच प्रतिशत बढ़कर 94,321 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 89,743 इकाई था। कुल खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर मामूली बढ़कर 18,95,552 इकाई हो गई।

# मांग में कमी की वजह से जोमेटो ने बंद किया एक्सट्रीमी ऐप

नई दिल्ली।

जोमेटो ने मांग कम आने की वजह से अपना हाइपरलोकल डिलीवरी ऐप एक्सट्रीमी बंद कर दिया है। अच्छी शुरुआत के बावजूद एक्सट्रीमी उतना लोकप्रिय नहीं हो सका। इसलिए जोमेटो ने इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया है। जोमेटो ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि एक्सट्रीमी एक प्रयोग था। कई रेस्टोरेंट सीधे डिलीवरी पर भी जोमेटो जैसी ही बेहतरीन सेवा देना चाहते थे। इसी सोच के साथ एक्सट्रीमी को शुरू किया गया था। लेकिन यह हमेशा से एक प्रयोग था और इसके सफल या असफल होने का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था। जब जोमेटो हाइपरलोकल डिलीवरी मार्केट में कूदने की कोशिश कर रहा था, उस वक्त उसके प्रतिद्वंद्वियों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रिलायंस रिटेल समर्थित दुनजो को अपने कामकाज को सुचारू रूप से चलाने में दिक्कतें आ रही थीं। इसी मौके का फायदा उठाकर सॉफ्टबैंक समर्थित ओला ने बेंगलुरु में अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मदद से ओला पार्सल सर्विस शुरू कर दी। जोमेटो ने अपनी इंटरसिटी फूड डिलीवरी सर्विस लीजेंड को फिर से शुरू कर दिया है। ये अब तक की तीसरी कोशिश है। लीजेंड के ज़रिए आप चुनिंदा शहरों के फेमस रेस्टोरेंट्स से खाना सीधे अपने घर मंगा सकते हैं। पहले के लीजेंड से




ये नया वर्जन अलग है। पहले पैक्ड खाना स्टोर करके रखा जाता था, फिर उसे डिलिवरी किया जाता था। अब खाना सीधे रेस्टोरेंट से ही भेजा जाएगा। हालांकि, अब कम से कम 5,000 का ऑर्डर देना ज़रूरी होगा।

# जियो ने बंद किए गए सारे पुराने प्रीपेड प्लान

मुंबई।

दूरसंचार कंपनियों ने अपने मोबाइल टैरिफ को 11 प्रतिशत से लेकर 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। वहीं अब जियो ने अपने सारे पुराने प्रीपेड प्लान बंद कर दिए हैं। जिससे अब जियो के 10 से ज्यादा प्लान्स नहीं मिलेंगे। बताया गया कि जियो ने अपने रिचार्ज पोर्टफोलियो को पूरी तरह से अपडेट कर दिया है। कंपनी ने सारे प्लान्स की कीमतों में इजाफा किया है। साथ ही ब्रांड ने बहुत से प्लान्स को अपनी लिस्ट से गायब कर दिया है। जियो के रिचार्ज लिस्ट में ऐसे 10 से ज्यादा प्लान्स हैं, जो अब नहीं मिल रहे हैं। यानी जियो ने कई ओटीटी प्रीपेड प्लान के साथ-साथ डेटा वाउचर भी हटा दिए हैं। इन प्लान्स की कीमतों में बढ़ोतरी भी नहीं हुई, इन्हें बस हटा दिया गया और इनके वापस आने की भी कोई गारंटी नहीं है। बता दें कि जियो ने 3662 रुपये, 3226 रुपये, 3225 रुपये के प्लान को रिमूव किया है। इन तीनों ही प्लान्स 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते थे। इन प्लान्स में डेली 2.5 जीबी डेटा और 2 जीबी डेटा क्रमशः मिलता था। इनमें सोनी लिव और दूसरे ओटीटी प्लेटफॉर्म का एक्सेस मिलता था। इसके अलावा कंपनी ने 2999 रुपये के




प्लान की कीमत बढ़ाकर 3599 रुपये कर दी है। जियो ने 84 दिनों की वैलिडिटी वाला 909 रुपये का प्लान हटा दिया है। इनके अतिरिक्त 806 रुपये और 805 रुपये के दो प्लान्स को हटा दिया है, जो डेली 2जीबी डेटा और 84 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते थे। साथ ही कंपनी ने 3178 रुपये, 4498 रुपये और 3227 रुपये के प्लान्स को हटा दिया है, जो 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते थे।

# एफएसएसएआई ने 111 मसाला उत्पादकों पर लगाया प्रतिबंध

## - एमडीएच और एवेरेस्ट को हरी झंडी, 4000 सैंपल की चल रही जांच

नई दिल्ली।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सुरक्षा जांच के लिए विभिन्न शहरों में मसालों के नमूने एकत्र करना शुरू किया। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार पिछले महीने 111 मसाला उत्पादकों के लाइसेंस रद्द किये गए हैं और उन्हें तुरंत उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया गया है। खबरों के मुताबिक एफएसएसएआई देश भर में मसालों के 4,000 से ज्यादा सैंपल का परीक्षण कर रहा है और संभावना है कि कुछ और कंपनियों के उत्पादों में मिलावट सामने आ सकती है। इन सैंपल में एवरेस्ट, एमडीएच, कैच और बादशाह जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के उत्पाद शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार नियामक संस्था ने 2,200 नमूनों का परीक्षण किया, जिनमें से 111 मसाला उत्पाद बुनियादी मानकों को पास नहीं कर पाए। ऐसे मसाला निर्माताओं का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है और उत्पादन बंद कर दिया गया है। यह भी बताया गया है कि एफएसएसएआई के तहत परीक्षण केंद्रों की संख्या कम है और इसलिए उन कंपनियों की सूची तैयार करने में समय लग रहा है जिनके लाइसेंस रद्द करने की आवश्यकता है। अधिकारियों के अनुसार रद्द किए गए लाइसेंसों में से अधिकांश केरल और तमिलनाडु के छोटे मसाला निर्माताओं के हैं, साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश ब्रांड भी जांच के दायरे में हैं। इन 111 कंपनियों में से अधिकांश छोटी हैं और उनसे संपर्क नहीं किया जा सका क्योंकि उनके पास आधिकारिक वेबसाइट, संपर्क नंबर या ईमेल आईडी नहीं हैं। मई के महीने में एफएसएसएआई ने एमडीएच और एवरेस्ट के सैंपल की जांच की और उसमें एथिलीन ऑक्साइड नहीं पाया गया। जांच में एवरेस्ट और एमडीएच मसालों के 34 सैंपल शामिल थे, जिनमें से 9 महाराष्ट्र और गुजरात में एवरेस्ट की सुविधाओं से और 25 दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में एमडीएच की सुविधाओं से लिए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक परीक्षणों में नमी की मात्रा, इंसेट और रोडेंट कंटैमिनेशन, हैवी मेटल, एफ्लाटॉक्सिन और कीटनाशक अवशेष सहित कई पैरामीटर भी शामिल थे।

# माइक्रोसॉफ्ट ने की छंटनी, कर्मचारियों की संख्या का नहीं किया खुलासा

## - अब तक कंपनी ने लगभग 100,000 कर्मचारियों को निकाला

वाशिंगटन।




टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने इस सप्ताह एक और छंटनी की पुष्टि की है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये छंटनी कंपनी के विभिन्न टीमों और स्थानों को प्रभावित करेगी। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने इस ताजा छंटनी में प्रभावित कर्मचारियों की संख्या का खुलासा नहीं किया है। रिपोर्ट में लिंक्डइन पर सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें संकेत मिलता है कि छंटनी का असर प्रोडक्ट और प्रोग्राम मैनेजमेंट विभागों पर पड़ा है। माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने छंटनी की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि हमारे व्यवसाय को चलाने के लिए संगठन और कार्यबल में बदलाव जरूरी होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अपने भविष्य के लिए और ग्राहकों एवं पार्टनर्स के समर्थन के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखेंगे। माइक्रोसॉफ्ट ने अपना वित्तीय वर्ष 30 जून को समाप्त किया और इस दौरान पुनर्गठन प्रयास टेक दिग्गज के लिए असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने 2023 में भी ऐसा ही किया था। ताज़ा छंटनी 2024 में पहले हुई कटौती के बाद हुई है। साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट ने अपने गेमिंग डिवीजन में लगभग 2,000 नौकरियों में कटौती की थी। पिछले महीने, एक और छंटनी दौर में एज्योर क्लाउड यूनिट और होलोलेंस मिक्स्ड-रियलिटी टीम सहित लगभग 1,000 पदों पर असर पड़ा था। पिछले 18 महीनों में माइक्रोसॉफ्ट ने हजारों कर्मचारियों को निकाला है। ये छंटनी टेक इंडस्ट्री में चल रही व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा रही हैं। बताया जाता है कि अब तक लगभग 100,000 कर्मचारियों को टेक कंपनियों ने निकाला है। 2023 में टेक कंपनियों द्वारा निकाले गए कर्मचारियों की संख्या लगभग 260,000 थी।

# रुपया 5 पैसे बढ़कर 83.45 डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.45 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा के अपने उच्च स्तर से नीचे आने और विदेशी पूंजी प्रवाह से स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.48 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.50 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105 पर रहा।






# भारत आएंगे फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू

**नई दिल्ली।** ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू इस साल भारत का दौरान करने की योजना बना रहे हैं। लियू को चार जुलाई को ताइपे में पद्म भूषण पुरस्कार दिया गया। भारत ताइपे एसोसिएशन के महानिदेशक मनहरसिंह यादव ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। इस वर्ष 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। लियू ने बयान में कहा कि मैं यह पुरस्कार पाकर अभिभूत हूं। मैं कहना चाहता हूं कि मुझे उन सभी महिलाओं तथा पुरुषों की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार करते हुए बेहद गर्व हो रहा है जो भारत में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। मैं इस वर्ष भारत में राष्ट्रपति से मिलने को उत्साहित हूं। वह पिछले साल जुलाई में सेमीकॉन इंडिया कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। उस समय उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। भारत में फॉक्सकॉन का कुल निवेश नौ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास होने का अनुमान है। कंपनी अपनी आईफोन उत्पादन सुविधा का विस्तार करने की प्रक्रिया में है। एचसीएल समूह के साथ संयुक्त उद्यम में एक चिप संयंत्र भी स्थापित कर रही है।

# कुमार मंगलम बिड़ला खरीद सकते हैं ओरिएंट सीमेंट का कारोबार

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक के मालिक कुमार मंगलम बिड़ला अब ओरिएंट सीमेंट को खरीदने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि कुमार मंगलम बिड़ला ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए कंपनी के प्रमोटर सीके बिड़ला के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रहे हैं। पिछले साल ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए इन दोनों कंपनियों के बीच चर्चा हुई थी, लेकिन तब यह सौदा सिरे नहीं चढ़ा था। गौरतलब है कि अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी ने भी भारतीय सीमेंट बाजार में अपना दबदबा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पिछले साल अडानी ग्रुप ने अंबुजा और एसीसी सीमेंट को खरीदा था। इसके बाद अंबुजा सीमेंट ने गुजरात की सीमेंट कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज में 54 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। फिलहाल भारतीय बाजार में कुमार मंगलम बिड़ला की अल्ट्राटेक सबसे बड़ी कंपनी है। इसकी कुल उत्पादन क्षमता 152.7 एमपीटीए है। अडानी ग्रुप के भारतीय सीमेंट बाजार में उतरने के बाद से कुमार मंगलम बिड़ला ने भी कमर कस ली है और अडानी से दो-दो हाथ करने को तैयार है। इस साल की शुरुआत में अल्ट्राटेक ने 7,600 करोड़ में केसोराम के सीमेंट कारोबार का अधिग्रहण किया था। यही नहीं 27 जून को अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इंडिया सीमेंट्स में 23 फीसदी की इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दी थी। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी थी।

# आरबीआई ने रद्द किया बनारस मर्केंटाइल सहकारी बैंक का लाइसेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बनारस मर्केंटाइल सहकारी बैंक, वाराणसी का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उत्तर प्रदेश के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने और एक लिक्विडेटर नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 99.98 प्रतिशत जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के हकदार हैं। परिसमापन पर प्रत्येक जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी जमाराशि पर पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा। आरबीआई ने कहा कि सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं तथा इसका जारी रहना इसके जमाकर्ताओं के हितों में नहीं है। रिजर्व बैंक ने कहा कि अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के कारण बैंक अपने जमाकर्ताओं को पूर्ण भुगतान करने में असमर्थ होगा।

# कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 27 प्रतिशत बढ़ा, विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में राजस्व सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़ गया है। भारतीय और पश्चिम एशिया बाजारों में मजबूत प्रदर्शन इसकी मुख्य वजह रही। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में राजस्व 4,376 करोड़ रुपये था। कल्याण ज्वैलर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत में उसके परिचालन में 29 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बिक्री में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पश्चिम एशिया परिचालन से राजस्व में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसने एकीकृत राजस्व में 15 प्रतिशत का योगदान दिया। कंपनी के अनुसार इस साल अप्रैल-जून की अवधि में भारत में 13 नए फ्रेंचाइजी-स्वामित्व-कंपनी-संचालित (एफओसीओ) शोरूम खोले गए, जबकि डिजिटल मंच कैनडेयर ने 13 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने कहा कि वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद अपने कैनडेयर कारोबार को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी में बदलने की योजना बना रही है। कल्याण ज्वैलर्स का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में 130 से अधिक नए शोरूम शुरू करना है, जिसमें भारत में कल्याण के करीब 40 शोरूम, कैनडेयर के करीब 30 शोरूम और दिवाली तक अमेरिका में पहला शोरूम खोलना शामिल है।




# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आयी है। इसी के साथ ही बाजार में पिछले दिनों से जारी तेजी पर अंकुश लग गया। आज एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा स्टील और एमएंडएम के शेयरों में बिकवाली के कारण बाजार गिरावट पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 79,996.60 अंक पर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी में भी 21.70 अंक तकरीबन 0.09 फीसदी की हल्की बढ़त रही और अंत में ये 24,323.85 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस, एसबीआई, एनटीपीसी, एचयूएल और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, नेस्ले इंडिया, पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, कोटक बैंक,




बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एक्सिस, मारुति, टेक महिंद्रा और आईसीसी बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही।

वहीं दूसरी ओर 13 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। इसमें एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा स्टील, एमएंडएम और इंडसइंड बैंक जैसे शेयर रहे जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और इंफोसिस के शेयर नीचे आये।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 25.67 अरब डॉलर के शेयर खरीदे और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 23.75 अरब डॉलर के शेयर बेचे। वहीं गत कारोबारी दिवस बेंचमार्क सेंसेक्स पहली बार 80 हजार के लेवल के पार बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 461 अंक फिसलकर 79,587 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी50 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर 24,236 अंक पर पहुंच गया!

वहीं एशिया-प्रशांत बाजारों में ज्यादातर सकारात्मक रुझान नजर आया। जापान के प्रमुख सूचकांक निक्केई 225 ने शुरुआती कारोबार में 0.24 फीसदी की बढ़त के रखी। व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में मामूली 0.07 फीसदी की गिरावट आई। अमेरिका में 4 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस के कारण बाजार बंद थे।

# बारिश के मौसम में कार कंपनियां दे रहीं तरह-तरह के ऑफर

## - छूट, एक्सचेंज बोनस और फ्री गिफ्ट भी शामिल

नई दिल्ली।

बारिश का मौसम शुरू होते ही गाड़ियों की बिक्री बढ़ाने के लिए कार कंपनियां और डीलर्स तरह-तरह के ऑफर दे रहे हैं, जिनमें छूट, एक्सचेंज बोनस और फ्री गिफ्ट शामिल हैं। आमतौर पर मानसून के दौरान शुभ दिन कम होते हैं और मौसम भी खराब रहता है, जिसकी वजह से गाड़ियों की बिक्री कम हो जाती है। इसीलिए कंपनियां बिक्री बढ़ाने के लिए ग्राहकों को लुभाने वाले ऑफर देती हैं।इस बार मानसून आने से पहले देशभर के शोरूम पर अलग-अलग गाड़ियों पर 20,000 रुपए से लेकर 4 लाख रुपए तक की छूट दी जा रही है। ये छूट पिछले साल के मानसून के मुकाबले ज्यादा हैं, क्योंकि कंपनियों के पास पहले से ज्यादा गाड़ियां स्टॉक में हैं और गर्मी की वजह से लोग कम शोरूम जा रहे हैं। फाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस साल पिछले साल के मुकाबले ज्यादा छूट मिल रही है क्योंकि कंपनियों के पास ज्यादा गाड़ियां जमा हो गई हैं। यानी कि गाड़ियां बनाने वाली कंपनियां ही नहीं बल्कि डीलर्स भी अपना स्टॉक खत्म करने के लिए ऑफर दे रहे हैं। पिछले साल गाड़ियों की कमी थी और लोगों को गाड़ी लेने के लिए इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब ज्यादातर मॉडल और वेरिएंट आसानी से मिल रहे हैं। इस वजह से ग्राहकों को काफी ज्यादा डिस्काउंट मिल रहा है। मारुति सुजुकी की गाड़ियों पर भी अच्छी छूट मिल रही है, जैसे अल्टो के 10 पर 40,000 रुपए, एस-प्रेसो और वेगनआर पर 25,000 से 30,000 रुपए तक और स्वीफ्ट पर 15,000 से 20,000 रुपए तक की छूट मिल रही है। होंडा ने भी होंडा मैजिकल मानसून नाम से एक



खास ऑफर शुरू किया है, जिसमें उनकी सभी गाड़ियों पर फायदे और फ्री गिफ्ट दिए जा रहे हैं। जुलाई 2024 में गाड़ी खरीदने वाले ग्राहकों को स्विट्जरलैंड घूमने का मौका या 75,000 रुपए तक के इनाम मिल सकते हैं।

टेस्ट ड्राइव करने पर भी सरप्राइज गिफ्ट मिल रहे हैं। ये ऑफर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक मान्य हैं। टाटा की भी कई गाड़ियों पर 15,000 रुपए से लेकर 65,000 रुपए तक की छूट है। वहीं हुंडई के वाहनों पर भी डिस्काउंट मिल रहे हैं।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कर्ज वितरण अप्रैल-जून में 19 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कर्ज वितरण 19 फीसदी बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। 30 जून, 2023 के अंत तक बकाया ऋण 1.75 लाख करोड़ रुपए था। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बताया कि उसकी कुल जमा सालाना आधार पर 9.44 प्रतिशत बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 2.44 लाख करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल जमा में चालू खाते और बचत खाते (कासा) का हिस्सा घटकर 49.86 प्रतिशत रह गया है। यह पिछले साल समान अवधि में 50.97 प्रतिशत था। बैंक का 30 जून 2024 के अंत तक ऋण जमा अनुपात बढ़कर 78.18 प्रतिशत हो गया, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 71.89 प्रतिशत था।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in